देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–236 । सागर, रविवार, 15 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

खाद्य विभाग ने 6 घरेलू गैस सिलेंडर और खुले में पेट्रोल बेचने वालों का पेट्रोल जब्त कर की कार्यवाही पृष्ठ 2

- गांधीजी की शॉल
- महमूद दरवेश की दो कविताएं

पृष्ठ 4

- इजराइल-हमास युद्ध में फंसी टीकमगढ़ की बेटी की सुरक्षित वतन वापसी

पृष्ठ 6

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की संभाग में चुनाव तैयारियों की समीक्षा पृष्ठ 8

विश्व कप : भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से दी शिकस्त

- रोहित-अय्यर का अर्धशतक
- बुमराह बने मैन ऑफ द मैच

अहमदाबाद, एजेंसी। भारत ने विश्व कप के 12वें मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से शिकस्त दी। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। उसने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ अब अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को भी हरा दिया। उसके तीन मैचों में अब छह अंक हो गए हैं। टीम इंडिया का अगला मुकाबला 19 अक्तूबर को बांग्लादेश से पुणे में होगा। वहीं, पाकिस्तान की टीम 20 तारीख को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बंगलूरू में खेलेगी।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 42.5 ओवर में 191 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 30.3 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया ने विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अपने जीत का क्रम जारी रखा। उसकी यह आठवीं जीत है। अब तब भारत उसके खिलाफ इस टूर्नामेंट में नहीं हारा है। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने सात ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले पाकिस्तान के लिए कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले मोहम्मद रिजवान इस बार अर्धशतक से चूक गए। वह 49 रन पर पवेलियन लौट गए। इमाम उल हक ने 36, अब्दुल्ला शफीक ने 20 और हसन अली ने 12 रन बनाए। इनके अलावा छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। सऊद शकील छह, मोहम्मद नवाज चार, इफ्तिखार अहमद चार, शादाख खान दो और हारिस रऊफ दो रन बनाकर आउट हो गए। टीम इंडिया के लिए पांच गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। गेंदबाजी करने वालों में सिर्फ शार्दुल ठाकुर ही ऐसे रहे जिन्हें एक भी सफलता नहीं मिली। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मोदी और शिवराज ने दी बधाई

भारत बनाम पाकिस्तान मैच में भारत की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बधाई दी है। श्री मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को शानदान बताते हुए सभी खिलाड़ियों को अगले मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है।

भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा शुरू

चेन्नई, एजेंसी। भारत एवं श्रीलंका के बीच तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा शनिवार से प्रारंभ हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस सेवा की शुरुआत की। नौका तमिलनाडु के नागापट्टिनम बंदरगाह से द्वीप राष्ट्र श्रीलंका में कांकेसंथुरई के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं और अब दोनों में आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। नौका सेवा नागापट्टिनम और कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई है। इसमें 150 लोग बैठ सकेंगे।

- नागापट्टिनम व कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई यह सेवा
- 110 किमी की दूरी करीब साढ़े तीन घंटे में तय करेगी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे अच्छी शुरुआत बताया। साथ ही कहा कि हमारा फोकस कनेक्टिविटी, कोऑपरेशन और कॉन्टैक्ट्स पर है। यह हमारी पड़ोसी फर्स्ट पॉलिसी का हिस्सा है। भविष्य में हमारा ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइंस और इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी प्लान है। फेरी का शुरू होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई पीएम रानिल विक्रमसिंघे की सकारात्मक कोशिशों का ही परिणाम है। इसी साल जुलाई में ही दोनों देशों के नेताओं ने इस पर सहमति जता दी थी।

ऑपरेशन अजय : इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान

2 दिनों में 447 भारतीयों को वापस लाया गया

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल के तेल अवीव से ऑपरेशन अजय के तहत 235 भारतीय नागरिकों को लेकर दूसरी चार्टर उड़ान शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 'ऑपरेशन अजय' के तहत दो दिनों में 447 भारतीयों को भारत वापस लाया गया है।

तेल अवीव से दूसरी उडान 235 नागरिकों को लेकर कल रात रवाना हुई थी। केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने आज सुबह हवाईअड्डे से बाहर निकल रहे सभी 235 भारतीय नागरिकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इजराइल में काम करने वाले इन 235 यात्रियों ने भारत सरकार की पहल की भूरी-भूरी सराहना की। इससे पहले शुक्रवार को 212 यात्रियों के साथ पहली उड़ान दिल्ली पहुंची थी। सभी यात्रियों ने भारत सरकार का आभार व्यक्त किया और 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

इजराइल में रह रहे 18 हजार भारतीय

इजराइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया। इजरायल में फंसे करीब 18,000 भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन अजय' में दूतावास की सहायता और नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है।

इजराइल पर हमले का कमांडर मारा गया

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल और हमास की जंग के आठवें दिन इजराइली सेना ने बताया है कि उन्होंने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले को लीड करने वाले कमांडर अली कादी को मार गिराया है। अली कादी को मारने का काम इजराइल की इंटरनल इटेलिजेंस एजेंसी शिन बेत ने किया है। आज सेना के हमले में मारा जाने वाला ये हमास का दूसरा कमांडर है। इसके पहले हमास का एयरफोर्स कमांडर मार गया था।

24 घंटे में 320 लोगों की मौत

वहीं, इजराइल ने रात भर गाजा पर बम बरसाए। इससे वहां 24 घंटे में 320 लोगों की मौत हुई है। इजराइल ने गाजा की तरफ वाटर और इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई को रोक दिया था। इससे वहां पानी खत्म होने की कगार पर है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इससे 20 लाख लोगों की जिंदगी दांव पर लगी है।

इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में रेड की थी। ये रेड उन इलाकों में की गई थी, जहां हमास ने इजराइल के 150 बंधकों को रखा था। वहां इजराइली सैनिकों को कई लाशें और कुछ सामान मिला है। जो हमास के बंधकों और उन लोगों का बताया गया है जो 7 अक्टूबर को हुए हमले के बाद से लापता थे।

मुख्यमंत्री ने कहा- बहनें रहें सावधान

कांग्रेस की नीयत लाड़ली बहना योजना बंद करने की

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस ने जिस प्रकार पहले भाजपा सरकार की जनकल्याण योजनाओं को बंद कर दिया था, उसी तरह अब इनकी नीयत लाड़ली बहना योजना को बंद करने की है बहनों को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है।

श्री चौहान ने आज कहा कि कांग्रेस अब लाड़ली बहना योजना बंद करने की तैयारी कर रही है, कांग्रेस के लोग ट्वीट कर रहे हैं कि मामा चुपके से पैसा डालेगा। उन्होंने कहा कि ये एक चलती हुई योजना है, जिसे बंद नहीं किया जा सकता। ये योजना नहीं, एक करोड़ 32 लाख बहनों का भाग्य है। भाजपा सरकार उसके पैसे डालेगी, तो कांग्रेस को तकलीफ क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि ये बात सही है कि चुनाव में कोई कार्यक्रम करके महिलाओं के खाते में पैसे नहीं डाल सकते, पर पैसे तो डाले जाएंगे। कांग्रेस की नीयत साफ हो गई है, जैसे उन्होंने अपनी सरकार आते ही कन्याओं के विवाह बंद कर दिए, संबल योजना बंद कर दी, गरीब आदिवासी महिलाओं के खाते में जाने वाले पैसे बंद कर दिए, वैसे ही कांग्रेस अब लाड़ली बहना योजना बंद करने की तैयारी कर रही है।

भाजपा आदिवासियों को सम्मान और सामान दोनों देगी

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के पांव में चप्पल पहना रही है तो कांग्रेस के सीने में तकलीफ हो रही है। इसलिए उन्होंने प्रदेश में सरकार में आते ही आदिवासियों को जूते, चप्पल, पानी की कुप्पी और साड़ी देना भी बंद कर दिया था। श्री चौहान ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को लेकर कहा कि ये दोनों सुन लें, भाजपा आदिवासियों को सम्मान और सामान दोनों देगी, क्योंकि भाजपा के दिल में तेंदूपत्ता तोड़ने वालों के लिए जगह है। श्री चौहान ने आज वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को अपमानित करने का काम किया है। भाजपा ने आदिवासी जननायकों टंट्या मामा, भीमा नायक, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा जैसे जननायकों का स्मरण करते हुए स्मारक बनवाए, लेकिन कांग्रेस ने केवल एक खानदान के स्मारक बनाए।

कमलनाथ बोले-

भाजपा को विपक्ष में बैठा कर कांग्रेस को मौका देगी जनता

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र के महायज्ञ में सबको जनता की कसौटी पर खरा उतरना है और जनता अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विपक्ष में बैठा कर कांग्रेस को काम करने का मौका देने वाली है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट पर मुख्यमंत्री से कहा कि जनता के बीच जाने के बजाय आप चोरी-चोरी, चुपके-चुपके का खेल खेल रहे हैं। जिन योजनाओं को आपने कभी चालू ही नहीं किया, उन्हें बंद करने की क्या बात करना। उन्होंने दावा किया कि डेढ़ महीने बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी जो नारी सम्मान योजना लेकर आ रही है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह और 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलना है। 100 यूनिट तक बिजली माफ और 200 यूनिट तक बिजली आधी कीमत पर मिलनी है। बच्चों की पढ़ाई फ्री होनी है। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलनी है। किसानों का कर्ज माफ होना है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का दावा

कोराना की दूसरी लहर में हुईं 12 गुना ज्यादा मौतें

- 61.1 फीसदी मृतक पुरानी बीमारी से थे ग्रसित
- दूसरी लहर में भर्ती 20.3 फीसदी मरीजों की मौत
- पहली लहर के दौरान 2.4 फीसदी मरीजों की मौत

नई दिल्ली, देशबन्धु। कोरोना की दूसरी लही कितनी मारक थी इसको लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। संस्थान के चिकित्सकों के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि कोरोना की दूसरी लहर इसकी पहली लहर की तुलना में कहीं ज्यादा घातक थी और इस दौरान 12 गुना ज्यादा मौतें हुई थीं। अध्ययन में कहा गया है कि कोराना की दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को कोई पुरानी बीमारी थी। मतलब बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी जान गई जिन्हें कोई बीमारी नहीं थी।

हाल ही में क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपे इस अध्ययन में बताया गया कि कोरोना के दौरान एम्स ने राष्टीय कैंसर संस्थान को कोविड अस्पताल बनाया था और कोरोना की पहली लहर मार्च 2020 से दिसम्बर 2020 के बीच इस अस्पताल में 6233 और अप्रैल 2021 से जून 2021 के बीच 2080 मरीज भर्ती हुए थे। पहली लहर के दौरान 2.4 फीसदी मरीजों की मौत हुई। जबकि दूसरी लहर के दौरान 20.3 फीसदी मरीजों की मौत हुई। पहली लहर में कोरोना तकरीबन डेढ़ फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना था। जबकि दूसरी लहर में सह 17.7 फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना। अध्ययन में दावा किया गया है कि कोराना की पहली लहर में 90.4 फीसदी मृतकों को कोरोना के अलावा दूसरी गंभीर बीमारी भी थी। लेकिन दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को ही अन्य गंभीर भी बीमारी भी थी। यानि बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी मौत जिन्हें पहले कोई बीमारी नहीं थी।

42.8 फीसदी को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी

इसके अलावा कोरोना की पहली लहर में महज 9.6 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी थी। जबकि दूसरी लहर के दौरान 42.8 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी। यानि दूसरी लहर में तकरीबन साढे गुना ज्यादा मरीजो को ऑक्सीजन की जरूरत पडी।

सार-समाचार

बुलेरो में भरकर ले जा रहे थे अवैध सागौन, वन अमले ने पकड़ी

सागर, देशबन्धु। देवरी वन परिक्षेत्र के महाराजपुर अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम और महाराजपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में एक बोलेरो क्रमांक एमपी 20 सीसी 0356 में अवैध रूप से सागोन के लट्ठे भरकर ले जाने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई थी। जिस पर शुक्रवार की रात्रि करीब 10.30 बजे वन विभाग की टीम और पुलिस टीम ने घेराबंदी कर महाराजपुर के मढपिपरिया तिराहे पर बोलेरो को पकड़ा जिसमें सागोन के छह नग 0.190 घन मीटर लकड़ी जिसकी कीमत 10 हजार बताई जा रही है। जिसमें एक आरोपी कैस कुमार आदिवासी निवासी मोरिया जमुनिया को पकड़ा गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है कि यह लकड़ी मोरिया जमुनिया से महाराजपुर किसके यहां ले जाई जा रही थी। कार्यवाही के दौरान देवरी वन परिक्षेत्र अधिकारी राघवेंद्र भदोरिया, महाराजपुर थाना प्रभारी मिनेश भदोरिया और वन विभाग और पुलिस का अमला मौजूद रहा।

मतदाता जागरूकता हेतु मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बीना, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र बीना में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु पीएम केंद्रीय विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। प्राचार्य अशोक कुमार सारस्वत ने कहा कि विद्यार्थी मतदाता जागरूकता के लिए सक्रिय पहल करें। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव ने किया। मेहंदी प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम निदा खान, द्वितीय दिशा घाबरिया एवं तृतीय स्थान नियति तिवारी ने प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम आर्या जैन, द्वितीय संस्कृति लोधी एवं तृतीय स्थान सृष्टि शर्मा एवं दामिनी रजक ने प्राप्त किया। इस अवसर पर श्वेता गिल, डॉ. कविता त्रिपाठी, अखिलेश कुमार जैन, अंकित मिश्रा, गरिमा सिंह, कैलाश केसरवानी सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

खाद्य विभाग ने 6 घरेलू गैस सिलेंडर और खुले में पेट्रोल बेचने वालों का पेट्रोल जब्त कर की कार्यवाही



बीना, देशबन्धु। खिमलासा में खाद्य विभाग ने होटलों में हो रहे घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग करने वाले चार दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए छह सिलेंडर जब्त किए गए है, तो वहीं खुले में पेट्रोल बेचने वाले दो लोगों का पेट्रोल भी जब्त किया। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए खुरई की खाद्य विभाग की टीम ने खिमलासा के चार दुकानदारों पर कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार खिमलासा के शिवपाल कुशवाहा की चाय और मिष्ठान की दुकान से एक घरेलू सिलेंडर, दिनेश कुशवाहा की होटल से एक सिलेंडर, पूजा होटल के संचालक शैलेंद्र कुर्मी की दुकान से दो सिलेंडर, राहुल विश्वकर्मा की होटल से दो सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

टीम ने सिलेंडर जब्त कर कार्यवाही की है। इसके बाद टीम ने खिमलासा में खुले में पेट्रोल बेच रहे रक्षपाल लोधी और साधना सेन के यहां से पेट्रोल जब्त कर टीम ने दोनों दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि आगे भी पेट्रोल बेचा गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खुरई के कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी सार्थक तिवारी ने बताया कि खिमलासा से 6 घरेलू सिलेंडर जब्त की गई है। प्रतिवेदन बनाकर कार्यवाही के लिए कलेक्टर कार्यालय भेजा जाएगा।

ज्ञानवीर आईटीआई व नर्सिंग के मध्य हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

सागर, देशबन्धु। म.प्र में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत ज्ञानवीर आईटीआई एवं ज्ञानवीर नर्सिंग के मध्य रोमांचक क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दोनो के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसके तहत प्रथम पाली में आईटीआई की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया जिसमें आईटीआई की टीम प्रथम पारी में बैटिंग के दौरान 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 174 रन का लक्ष्य रखा इसके जवाब में नर्सिंग द्वारा 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए गए जिसमें ज्ञानवीर आईटीआई विजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान संस्था प्रमुख नीतेश प्रजापति व मुख्य अतिथि पूर्वा जैन प्रशिक्षण अधीक्षक सियाराम सिंह ने विजेता को पुरूष्कार प्रदान कर उन्हें बधाईयां प्रेषित की। इस दौरान समस्त स्टॉफ व छात्र उपास्थित रहें।

संकल्प और साधना सोच को सफल बनाती है: मणीकांत चौबे

सागर, देशबन्धु। बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच की ऑनलाईन 178 वीं साप्ताहिक संगोष्ठी संयोजक मणीकांत चौबे के संयोजकत्व तथा अध्यक्षता में श्रेष्ठ काव्य धारा प्रवाहित हुई। गोष्ठी के पूर्व संचालक डॉ. नलिन जैन ने संचालन शुरू करते हुए, सागर से कवि पूरन सिंह राजपूत को वंदना के लिए आमंत्रित किया और गोष्ठी प्रारंभ हुई। स्वागत भाषण में लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने 1500 क्रम की संगोष्ठी की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा दिसंबर 1995 के अंतिम सप्ताह की संगोष्ठी में प्रति शनिवार संगोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, तब से आज तक आयोजन बिना किसी रुकावट के प्रति सप्ताह होता आ रहा है। इस निरंतर आयोजन का श्रेय मणीकांत चौबे बेलिहाज को ही जाता है। मणीकांत चौबे ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा व्यक्ति के संकल्प और साधना, सोच को सफल बनाती है। हिंदी साहित्य क्षेत्र में बिना किसी रुकावट, प्रति सप्ताह संगोष्ठी आयोजित करते हुए 1500 क्रम तक पहुंचने का संभवत: यह देश में, प्रथम प्रयास होगा। संस्था के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकांत बख्शी ने 1500 क्रम की गौरवशाली संगोष्ठी आयोजित होने का श्रेय मणीकांत चौबे बेलिहाज को देते हुए, ऐसे आयोजन को देश के साहित्य जगत का अभिनव आयोजन बताते हुए, शासन से निवेदन किया किया कि आयोजक मणीकांत चौबे को शासन के द्वारा पद्मश्री नागरिक सम्मान से विभूषित किया जाना चाहिए। इस गोष्ठी में विभिन्न प्रांतो से आमंत्रित कवियो ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में साहित्य मनीषी व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संचालक डॉ. नलिन जैन ने आभार व्यक्त किया।

सागर, देशबन्धु। दादा दरबार मंदिर में पुरखो की विदाई हजारों की संख्या में दीप जलाये गये।

शांति समिति की बैठक सम्पन्न

बीना, देशबन्धु। थाना बीना में शनिवार को आगामी त्योहार नवदुर्गा उत्सव एवं दशहरा को देखते हुए नवदुर्गा समिति अध्यक्षो, डीजे, टेंट वालो एवं अखाड़े वालो की शांति समिति की बैठक ली गई। जिसमें नागरिक, एसडीएम बीना देवेन्द्र सिंह, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर सीएमओ नगर पालिका बैठक में उपस्थित रहे, सभी को शांति पूर्वक त्योहार मनाने एवं आदर्श आचार संहिता का पालन करने की समझाइश दी।

दुखी व्यक्ति को देखकर उसके दुख को दूर करने की भावना प्रत्येक व्यक्ति के अंदर होना चाहिए: मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। देव शास्त्र गुरु पर सच्ची श्रद्धा करके आस्तिक बनो, नास्तिक नहीं, यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनि श्री ने बताया प्रशम, अनुकंपा, संवेग, आस्तिक्य यह चार गुण सम्यक दृष्टि जीव के होते हैं। मोक्ष मार्गी हो या संसार मार्ग पर यदि कोई अज्ञानता के कारण, कर्मोदय से दुख पा रहा है, तो उसका दुख दूर कैसे हो इस प्रकार की सद्भावना प्रत्येक व्यक्ति के अंदर होनी चाहिए। दूसरे के दुख को देखकर दुखित होना सम्यक दृष्टि का लक्षण है। कुछ दो या ना दो पर ढाढस तो बंधा ही सकते हो, ऐसी भावना रखने से सामने वाले के मन को सांत्वना मिलती है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा जैन दर्शन में नव देवता पूज्य हैं, हमें उनकी भक्ति आराधना करनी चाहिए। आज सच्ची आस्था की कमी होती जा रही है। सच्ची आस्था ही हमें सच्चा रास्ता बतलाती है, प्रभु से जोड़ती है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया मुरादाबाद से छुल्लक जी के ग्रहस्थ अवस्था के परिवार जन, मुनि संघ के दर्शनार्थ अंकुर कॉलोनी पधारे, मंदिर कमेटी से डीके जैन प्राचार्य, मनोज लालो, जिनेश बहरोल एवं चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष कमलेश चौधरी महामंत्री सुनील जैन, संतोष स्टील के द्वारा उनका सम्मान किया गया।

एनएसएस के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगो से मतदान की अपील की

खुरई, देशबन्धु। मप्र विधानसभा चुनाव को लेकर तक्षशिला हायर सेकेण्डरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूक रैली निकालकर तहसील परिसर पर झंडा चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विद्यार्थियो ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले बोट दो, देश के विकास में दे अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान, लोकतंत्र का करो सम्मान, शत प्रतिशत करो मतदान जैसे नारे लगाए। सभी मतदाताओ से 17 नबंवर को मतदान केन्द्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की, साथ ही मतदान के लिए शपथ दिलाई। नुक्कड़ नाटक में सभी को निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर स्वतंत्रता पूर्वक बिना प्रलोभन के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी नीलेश मोघे ने कहा कि आप लोग ही भारत के भविष्य हो, भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है, कई मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे, अपनी चुनी हुई सरकार ही आपका भविष्य बनाएगी। मतदान के दिन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व अपने परिवार, आसपास के लोगो को निर्वाचन के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर नायब तलसीलदार रमेश चंद कोष्ठी, नोडल अधिकारी डॉ. विनोद राय, प्रभारी लाखन सिंह, दीपक नामदेव सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

स्वरोजगार स्थापित करने के लिए इच्छा शक्ति को प्रबल करने की आवश्यकता है: सुनीता अरिहंत

सागर, देशबन्धु। विचार समिति और क्रेस्ट एलाइंस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विचार कार्यालय में मोहल्ला विकास से जुड़ी महिलाओं के लिए स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जागरूक किया गया। विचार समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि समिति का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। खुद का व्यवसाय करने के लिए हमें इच्छा शक्ति को प्रबल करने की आवश्यकता है। दुनिया का कोई भी काम असंभव नहीं है बस बात इतनी है कि जो काम जितना कठिन होगा उसमें उतनी ही अधिक मेहनत करनी होगी। क्रेस्ट एलाइंस से आनलाइन माध्यम से पल्लवी, अल्पन, रोशनी ने अपने विचार रखते हुए खुशी व्यक्त की कि आपने अपना व्यवसाय शुरू किया है। प्रभा साहू ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि हम पहले सोचते थे कि हम अपना व्यवसाय स्थापित करें लेकिन कैसे करें। जब विचार समिति से जुड़े तो समिति द्वारा स्वरोजगार की ट्रेनिंग दी गई जिस कारण आज हम ब्यूटी पार्लर सफलता पूर्वक चला रहे हैं। अनिता चौधरी बुटिक और जनरल स्टोर का व्यवसाय कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मैं पढ़ी लिखी नहीं हूं। मेरे घर वाले कहते थे कि तुम नहीं कर पाओगी लेकिन मैं समिति के माध्यम से स्वरोजगार की ट्रेनिंग लेकर आज अपना व्यवसाय चला रही हूं। ज्ञातव्य हो कि क्रेस्ट एलाइंस संस्थान ने अप्रैल माह में विचार मोहल्ला विकास से जुड़ी 7 महिलाओं को चयनित कर स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए सिलाई, ब्यूटी पार्लर, जर्नलस्टोर, कपड़े की दुकान आदि स्थापित करने के लिए 15000 रूपये की राशि दी गई थी। स्वावलंबी भारत अभियान के पूर्णकालिक कार्यकर्ता रविन्द्र ठाकुर ने स्वरोजगार हेतु योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पूजा प्रजापति, उर्मिला अहिरवार, सरिता पटैल, द्रोपती पटैल, रेखा पटैल, मंजू रैकवार, सपना गौंड़, कल्पना पटैल, किरन अहिरवार आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

मतदाता जागरूकता रैली को, हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

ओरछा, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत निवाड़ी जिले की ओरछा तहसील में बेतवा नदी के कंचना घाट पर मतदाता जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार रावत शामिल हुये। सर्वप्रथम श्री राजन द्वारा कंचना घाट पर बनाई गई रंगोली पेन्टिंग का अवलोकन किया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्रा महकिश बानो व खुशबू कुशवाहा द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व कैप पहनाकर किया। मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त 50 छात्राओं ने आत्मरक्षा पर केन्द्रित गतिविधियों का प्रदर्शन किया। तदोपरान्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मैस्कॉट बिन्नी के चित्र का अनावरण किया, जिसमें संदेश है बिन्नी ने कई बात है प्यारी, वोट डारन सबकी जिम्मेदारी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद सदस्य ने वाहन खरीदने वाले पर लगाया बेचने का आरोप

सागर, देशबन्धु। शाहगढ़ जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 के सदस्य शिवराज सिंह लोधी सेमरा रामचंद्र ने वाहन खरीदने वाले पर ही बेचने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत की है। श्री लोधी ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 2019 में उन्होंने स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी 65 सी 1595 फायनेंस कराई थी जो कि मोतीनगर थाना क्षेत्र के बाहुवली कॉलोनी निवासी राजेश जैन के माध्यम से खरीदी थी। जो कि वाहन खरीदने-बेचने का काम करते है। लोधी ने आरोप लगाया कि जैन ने फायनेंस वाहन को किराए पर लगाने आश्वासन दिया मगर हाल ही में मकरोनिया निवासी कपिल खत्री को बेच दी है जबकि वाहन के पंजीयन से लेकर अन्य कागजात लोधी के नाम पर दर्ज हैं। मामले को लेकर राजेश जैन का कहना है कि शिवराज लोधी से चार पहिया वाहन खरीदा था, जिसके दस्तावेज भी हैं। शिवराज द्वारा मुझ पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। उनके द्वारा भी शिवराज लोधी की शिकायत पुलिस में की गई है।

वही अर्पित गोस्वामी, मैनेजर, एसके फायनेंस कंपनी का कहना है कि गाड़ी पर अभी भी शिवराज लोधी के नाम से लोन चल रहा है। इस गाड़ी पर पहले कभी कपिल खत्री के नाम से लोन हुआ है इसकी जानकारी नहीं है।

फुसकेले जी का लेखन सदैव जीवन्त रहेगा: डॉ. शरद सिंह

सागर, देशबन्धु। महेन्द्र फुसकेले की द्वितीय पुण्य तिथि पर प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई द्वारा महेन्द्र फुसकेले स्मृति साहित्य अलंकरण 2023 एवं महेन्द्र फुसकेले एवं हरिशंकर परसाई स्मरण समारोह सरस्वती वाचनालय के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. शरद सिंह को शॉल श्रीफल सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए महेन्द्र फुसकेले स्मृति साहित्य अलंकरण वर्ष 2023 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ. शरद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महेन्द्र फुसकेले मजदूरों के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे और उनका लेखन सदैव जीवन्त एवं समसामयिक रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश आचार्य ने अपने वक्तव्य में परसाई के व्यंग्य भोलाराम का जीव सुनाते हुए महेन्द्र फुसकेले एवं परसाई के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि शुकदेव प्रसाद तिवारी ने श्री फुसकेले को महामानव की उपाधि देते हुए समुद्र मंथन के चौदह रत्नों की मानव जीवन से तुलना की। समारोह में कैलाश तिवारी विकल के आलेख का अविकल वाचन निरंजना जैन ने किया। पीआर मलैया ने फुसकेले और परसाई की रचनाओं की विस्तारित समीक्षा करते हुए अपना आलेख वाचन किया। साहित्यकार वीरेन्द्र प्रधान ने परसाई और फुसकेले को समाचार पत्रों के अच्छे स्तंभकार निरूपित करते हुए उनकी मित्रता का उल्लेख किया। टीकाराम त्रिपाठी ने प्रो. कांतिकुमार जैन द्वारा लिखित व प्रकाशित आलेख का वाचन दिया। डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने महेन्द्र फुसकेले के आकाशवाणी संबंधित संस्मरण सुनाए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. गजाधर सागर ने परसाई और फुसकेले से अपने वैयक्तिक संबंधों की चर्चा करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। अंत में प्रलेस इकाई के महासचिव पेट्रिस फुसकेले ने उपस्थित व्यक्तियों एवं वाचनालय के प्रति आभार ज्ञापित किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. एम के खरे, डॉ. नम्रता फुसकेले, सुमन झुडेले ने किया। इस अवसर पर मुकेश तिवारी, एड. संजय गुप्ता, अशोक फुसकेले, हरगोविन्द विश्व, पार्षद राकेश राय, डॉ. लक्ष्मी पांडेय, प्रभात कटारे, आरके तिवारी, केएल तिवारी, पूरन सिंह राजपूत, डॉ. अनिल जैन, क्रांति जबलपुरी, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. चंचला दवे, बेंगलुरु से पधारीं आराधना खरे, सुनीला सराफ, उमाकांत मिश्र और श्री फुसकेले के परिवारजनो की उपस्थिति रही।

सार समाचार

जेपी निगम की प्रतिमा स्थापित होगी

छतरपुर, देशबन्धु। विधायक और वरिष्ठ अधिवक्ता जगदंबा प्रसाद निगम की स्मृति में महाराजपुर के लोकनायक हाईस्कूल में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। श्री निगम के शिष्य हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज सुरेंद्र गंगेले की अध्यक्षता में शनिवार को मून सिटी में हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर त्रिपाठी, पत्रकार हरि प्रकाश अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, छत्रसाल स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष राधे शुक्ला, लोकनायक हाईस्कूल महाराजपुर के प्राचार्य पन्नालाल चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में श्री निगम की प्रतिमा स्थापित कर गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को एक भव्य समारोह में उसके अनावरण का निर्णय भी लिया गया।

समाजवादी नेता श्री निगम तीन बार छतरपुर से विधायक रह चुके हैं। गत वर्ष उनका निधन हो गया था। महाराजपुर के जिस लोकनायक हाईस्कूल में उनकी प्रतिमा स्थापना की जानी है वह उन्होंने ही खोला था। स्कूल परिसर में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पहले से स्थापित है। बैठक के पूर्व श्री गंगेले ने निगम साहिब की समाधि स्थल पर जाकर पुष्प गुच्छ चढ़ा कर श्रधांजलि अर्पित की।

मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं क्रियाशील रखने के निर्देश

छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के अंतर्गत लागू आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराने एसएसटी एवं एफएसटी टीमें जिलेभर में एक्टिव रहीं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने शुक्रवार को अंतर्राज्यीय बॉर्डर राठ रोड हरपालपुर एवं पहाड़ी बंधा से लगे उत्तरप्रदेश की सीमा पर चैक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। साथ ही एसएसटी टीम द्वारा कि जा वाहन चैकिंग कर निरीक्षण कर सघनता से चैकिंग करने के निर्देश दिए और वाहनों के नम्बर सहित जरूरी जानकारी लिखे जाने का रिकॉर्ड पंजी चेक किया। उन्होंने कहा चैकिंग कार्य के दौरान किसी को अनावश्यक असुविधा न हो। कलेक्टर ने शिफ्टवाइज ड्यूटी में लगे स्टॉफ की उपस्थित की जांच की। उन्होंने हरपालपुर के विभिन्न मतदान केन्द्रों में सुविधाओं के क्रियाशील होने का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

घर का इकलौता था चिराग

कुएं में तैरता मिला 8 वर्षीय बच्चे का शव

घुवारा, देशबन्धु। उपथाना घुवारा के ग्राम पनबारी के मजरा नें निबासित मुलायम सिंह लोधी के गुरूबार की शाम करीब 3 बजे रहस्यमयी तरीके से 8 वर्षीय बालक रूचेन्द्र लोधी का लापता हो जाने से क्षेत्र मे सनसनी का माहौल बन गया देर रात तक परिजनो के तलास करने के बाद बच्चा न मिलने से परिजनो ने उपथाना घुवारा मे सूचना दी परिजनो की सूचना पर उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते ने गुम शुदा का मामला दर्ज कर अपने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर आस पास के क्षेत्र मे बच्चे की तलाश की लेकिन बच्चे का कोई सुराग नही मिल सका। तो बही गुस्साएं परिजनो के द्धारा शुक्रबार की सुबह सैकडो महिला एवं पुरूषो के साथ सिमरियां तिगड्डा सडक पर बैठकर जाम लगा कर प्रशासन से बालक की तलास की मांग करने लगे जाम की खबरे लगते ही भंगवा पुलिस बडामलहरा पुलिस, बमनौरा पुलिस के थाना प्रभारियो द्धारा मौके पर जाकर परिजनो को समझायस देते हुये शीघ्र बच्चे को खोच निकालने की बात कही लेकिन परिजनो ने पुलिस की एक न सुनी और सडक पर बैठे रहे । सडक पर बैठे रहने से यातायात पूर्ण रूप से बंद हो गया तो आने जाने बाले लोगो को करीब 3 घंटे तक निकलने का इंतजार करना पडा।

तहसीलदार व एसडीओपी के लिखित आश्वासन पर परिजनो ने खोला था जाम

आठ वर्षीय बालक के रहस्यमी तरीके व घर के दरबाजे के सामने से लापता होने पर गुस्साएं परिजनो द्धारा सडक पर जाम लगाकर बच्चे को ढूढने की मांग पर अडे परिजनो द्धारा थाना प्रभारियो की समझायस के बाबजूद न मानने पर

तहसीलदार घुवारा ऋतु सिंघई व बडामलहरा एसडीओपी बीरेन्द्र बहादुर ने जाम स्थल पर पहुंचकर परिजनो को समझायस दी लेकिन परिजन नही मानी तब जाकर काँफी समझायस के बाद लिखित रूप में शीघ्र तलास करने पर जाम खोलने की बात कही तो तहसीलदार ने 24 घंटे के अंदर तलास कर बालक को सोपनी की लिखत दी तब जाकर परिजनो ने जाम खोला।

एसडीओपी ने टीम बनाकर हर पहलू की जांच शुरू

जानकारी के मुताबिक बाताया जा रहा है कि तहसीलदार व एसडीओपी के लिखित आश्वासन देने बाद एसडीओपी ने टीम गठित करके बालक की तलास करना शुरू कर दी जिसमे शंका के आधार पर पीछे व आस पास के कुँओ को इलैक्टिनक मोटर पंपो के माध्यय से खाली कराया तब जाकर घर कुछ ही दूरी पर शक्ति बाबा के बने सामने बने प्राचीन कुएं मे बालक का तैरता हुआ शव मिला शव मिलने से गांब को लोगो के बीच अनेक प्रकार की बाते होने लगी तो तो बही परिजनो ने हत्या की अशंका जताने लगे तब जाकर पुलिस से एसएफएल टीम को सूचना दी एसएफएल प्रभारी डांक्टर प्रदीप यादब ने मौके पर पहुंचकर हर पहलू से जांच करते हुये बालक के शव को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा तैयार कर पीएम हेतु बडामलहरा भेजना चाहां।

परिजनो ने सडक पर शव रखकर फिर लगाया जाम

बच्चे का कुएं मे शव मिलने व शव को देखकर परिजनो द्धारा बच्चे की हत्या की अशंका जताते हुये शव को पीएम हेतु न ले जाकर सडक पर शव रखकर फिर जाम लगाते हुये हत्या के आरोपी व न्याय की बात पर अड गये लेकिन पुलिस के आला अधिकारियो द्धारा पीएम के बात करते हुये समझाया कि पीएम उपरांत ही स्पष्ट हो सकेगा कि बालक की हत्या हुई या किस कारण से मौत हुई लेकिन गुस्साएं परिजन प्रशासन की बात सुनने को तैयार ही नही हुये जिससे करीब 2घंटे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो को कडी मशख्त का सामना करना पडे और करीब 2घंटे बाद परिजनो ने शव के पीएम कराने हेतु तैयार हुये तो बही पुलिस द्धारा 5 सदस्यी डाक्टरो टीम द्धारा शव का पीएम हेतु बडानलहरा भेजा।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लगी आग

लाखों की मशीनों सहित 150 यूनिट रक्त का नुकसान

- शार्ट सर्किट से आगजनी की आशंका, क्षति जांच रहीं टीमें

छतरपुर, देशबन्धु। जिला अस्पताल में मौजूद ब्लड बैंक में शनिवार की दोपहर करीब 4 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आगजनी का कारण एसी यूनिट के समीप हुई शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इस आगजनी के कारण ब्लड बैंक में रखीं हुईं लाखों रूपए की कई मशीनों सहित लगभग डेढ़ सौ यूनिट रक्त का नुकसान होने की आशंका है। आगजनी की खबर लगते ही बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया।

ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ. श्वेता गर्ग एवं लैब टैक्निशियन नीरज खरे ने बताया कि दोपहर के समय अचानक ए.सी. के बोर्ड के आसपास आग लग गई। देखते ही देखते आग चारों तरफ फैलने लगी। आग की लपटें काफी तेज थीं जिसके कारण लैब में रखी सामग्री जल्द ही आग की चपेट में आ गई। आगजनी के दौरान ब्लड बैंक में मौजूद स्टाफ तुरंत निकलकर भागा और बचावदल को सूचना दी। मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड एवं एसडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला। नीरज खरे ने आशंका जताई है कि इस आगजनी के कारण ब्लड बैंक की मशीनों को नुकसान हुआ है साथ ही ब्लड बैंक में डेढ़ सौ यूनिट रक्त भी मौजूद था। हो सकता है कि आगजनी के कारण इसका नुकसान हुआ हो। हालांकि फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन अत्यधिक धुआं होने के कारण अभी नुकसान का आंकलन नहीं लग पाया है।

नशामुक्ति कार्यक्रम के दौरान हाफ मैराथन का आयोजन किया गया

छतरपुर, देशबन्धु। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर में 12 अक्टूबर को नशामुक्त हाफ मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में अध्ययनरत 03 दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि कौशल किशोर, मंत्री आवासन और शहर कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा अक्षत कांत राष्ट्रीय संयोजक नशामुक्त समाज आंदोलन उपस्थित रहे। नशामुक्त हॉफ मैराथन के समर्थन में श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर मध्य प्रदेश में नशा मुक्त हाफ मैराथन आयोजित हुई जिसमे वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित होकर युवाओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने अपने वक्तव्य में कहा कि नशा मुक्ति को अपनाकर हम स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए, हमें नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए और समुदाय को एक साथ मिलकर नशे से लडने के उपाय ढूंढने में सहयोग करना चाहिए। यदि हम सभी मिलकर सामरिक भावना दिखाएंगे, तो हम निश्चित रूप से एक नशा मुक्त समाज की ओर अग्रसर होंगे।

विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि हमारे देश का उज्जल भविष्य युवाओं पर टिका होता है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। हमारे देश का युवा वर्ग ज़िन्दगी के हर पहलु को जीने की इच्छा होती है। युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते है। वे शराब, गुटखा, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट का नशा करते है। उनकी पार्टी नशे के बगैर अधूरी है। हम नशामुक्ति अभियान से जागरूक करके अपनी युवा पीढ़ी के अंधकारमय भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं।

डीएपी की एक और रैक हरपालपुर पहुंची, किसानों को खाद की किल्लत से मिलेगी राहत

हरपालपुर, देशबन्धु। बीते सात दिनों में छतरपुर जिले के हरपालपुर रेल्वे स्टेशन पर डीएपी खाद की दूसरी रैक पहुँची। रबी सीजन पर जिले में डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है। शनिवार को जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर आई। हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह 5 बजे 2700 मीट्रिक टन डीएपी खाद पहुंचा, जिसे जिले भर की सोसायटियों एवं मार्कफेड गोदामों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

पूरे जिले में डीएपी परिवहन शुरू

जैसे ही रैंक प्वाइंट पर मालगाड़ी आई वैसे ही परिवहन ठेकेदार सुशील अग्रवाल द्वारा कृषि विभाग की निगरानी में खाद ट्रकों में लोड करा कर मार्कफेड गोदामों के लिए रवाना होना शुरू हो गया है।

कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार

अधिकारी एबी पटेल ने उम्मीद जताई है कि जिले में किसानों तक समय से और पर्याप्त डीएपी खाद मिल सकेगा। किसानों को डबल लॉक गोदामों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा।

हरपालपुर रैंक प्वाइंट पर परिवहन ठेकेदार सुशील अग्रवाल द्वारा आधा सैकड़ा ट्रक परिवहन में लगा कर डीएपी खाद उठाव शुरू कर दिया जो रविवार दोपहर तक रैंक प्वाइंट से उठा कर मार्कफेड गोदामों में पहुंचा दिया जायेगा। ट्रकों की पर्याप्त संख्या होने में जल्द परिवहन कर जिले के विभिन्न स्थानों पर खाद का परिवहन कर पहुंचाया जायेगा।

मार्कफेड के इन गोदामों होगा ऐसा खाद वितरण

राज्य सहकारी विपणन संघ छतरपुर के द्वारा जारी योजना के मुताबिक फिलहाल छतरपुर के लिए 1560 मीट्रिक टन डीएपी खाद को जल्द से जल्द सोसायटियों तक भेजा जाएगा। इन भण्डारण केन्द्रों से ही खाद विभिन्न सोसायटियों तक पहुंचाया जाएगा।

कृषि विभाग के अधिकारी एबी पटेल, एसएडीओ सुरेंद्र अग्रवाल द्वारा रैक पॉइंट का निरीक्षण कर मार्कफेड गोदाम हरपालपुर स्टॉक में रखे डीएपी, यूरिया का सैम्पल भरने की कार्यवाही की गई।

निर्वाचन अधिकारी से शिकायत के कारण बंद होगा संचालन

छतरपुर, देशबन्धु। पिछले दो वर्षों से एक रूपए में जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन करा रही छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी की रसोई सेवा जल्द ही बंद हो सकती है। इस रसोई में प्रतिदिन सैकड़ों लोग एक रूपए की राशि देकर भरपेट भोजन करते हैं। अब ऐसे लोगों को भोजन के लिए परेशान होना पड़ सकता है। शनिवार को किशोर सागर पर स्थित चाचा की रसोई में आए लोगों को विधायक आलोक चतुर्वेदी के स्टाफ ने यह सूचना दे दी है।

रसोई के संचालन का काम देख रहे विधायक आलोक चतुर्वेदी के समर्थक सुरेशबाबू खरे ने बताया कि पूर्व मंत्री ललिता यादव अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा चाचा की रसोई सेवा को बंद करने के लिए निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की गई है। विधायक आलोक चतुर्वेदी की इस सेवा को निर्वाचन आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में बताया जा रहा है जिसके कारण विधायक आलोक चतुर्वेदी ने आम लोगों से क्षमा मांगते हुए इस रसोई को जल्द ही बंद करने के निर्देश दिए हैं। सुरेशबाबू खरे ने बताया कि 15 अक्टूबर 2021 से संचालित हो रही इस रसोई में प्रतिदिन लोगों को शुद्ध और स्वादिष्ट भोजन सिर्फ एक रूपए की सम्मान राशि पर कराया जा रहा था। अब ऐसे लोगों को यहां भोजन उपलब्ध नही होगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाए। उधर इस रसोई के बंद हो जाने की सूचना मिलते ही रसोई पहुंचे जरूरतमंद लोगों ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा को बंद नहीं होना चाहिए था क्योंकि इस रसोई से हमें एक सहारा मिला हुआ था।

रैली एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से पुनः जगाई स्वच्छता की अलख

घुवारा, देशबन्धु। नगर अशासकीय फूलचंद्र जैन मोन्यूमेंट स्कूल समूह के विद्यालंयों के छात्र/छात्राओं के द्वारा जैन शिक्षा समृद्धि के मार्गदर्शन में जनजागरूकता संपर्क, रैली एवं जनजागरुकता नुक्कड नाटकों का आयोजन किया गया। जिसमे नुक्कड नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने के साथ भारत सरकार के स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य किया गया। रैली का शुभारंभ श्री प्रतिपाल सिंह बुंदेला जी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। रैली स्कूल परिसर से बस स्टेण्ड मार्ग से होते हुए, जंगल चौकी प्रांगण में पहुंची। बता दें रैली में मुख्य रूप से नर्सरी से कक्षा 4 तक के छात्र सम्मलित हुए। जिन्होंने स्वच्छता से जुड़ने हेतु समाज से आग्रह किया। कक्षा 5 से 8 तक के लगभग 144 बच्चे 12 समूह बनाकर संपूर्ण नगर में घर घर जाकर संपर्क का कार्य संपन्न किया। जहां बच्चों ने लोगों को जागरूक भी किया तो वहीं छोटे बच्चों के द्वारा 2000 से अधिक बनाई गईं पेंटिंग्स को वितरित कल स्वच्छ घुवारा बनाने का सेवन किया। साथ ही हस्ताक्षर करते हुए शपथ ली की कि हम स्वच्छता बनाई रखने में हर संभव भूमिका निभाएंगे। साथ ही बच्चों द्वारा रास्ते में जितने भी दुकाने मिली वहां जा जाकर दुकानदारों को नगर को स्वकच्छ रखने के उपाय बतलाये।

जंगल चौकी प्रांगण में पहुंचकर सभी बच्चों एवं समूहों ने कक्षावार नुक्कड़ नाटक के रूप में अपनी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान नगर के वरिष्ठ शिक्षक श्री जे के शुक्ला जी, श्री कमलेश जैन जी, श्री विजय सेठ जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संबंध में सह प्रबंधक अमन अक्रांत जैन ने बताया की इस प्रकार के कार्यक्रम जहां स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं तो वहीं बच्चों को अपनी बात रखना सिखाते हैं। तो वही संस्था प्रत्यक्ष परोक्ष रूप से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में अपनी भूमिका भी निभाता है।

संस्था की प्राचार्य अनुराधा श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष 5 दिनों में बच्चों ने को 2000 से अधिक पेंटिंग्स बनाईं हैं वो कहीं न कहीं बच्चों के समर्पण भाव को प्रस्तुत करता है। सभी परिवारों को चाहिए की बच्चों के विचारों को समझें और संकल्प लें की स्वच्छता बनाए रखेंगे। इसी क्रम में वरिष्ठ प्रधानाचार्य कुमारी प्रगति सक्सेना जी ने कहा की इतनी धूप में जिस तरह से बच्चों और शिक्षकों ने घर घर जाकर जो महनत की है कहीं न कहीं वह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का सृजन करेगी। क्योंकि जब किसी भी कार्य को बच्चे पूर्ण निष्ठा के साथ करते हैं तो परिणाम सुखद ही आता है।

डॉक्टरों ने खुद कराई अपनी जांच

छतरपुर, देशबन्धु। शनिवार को जिला अस्पताल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला इकाई के द्वारा चिकित्सकों के लिए ही एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान आईएमए के चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

आईएमए की ओर से कहा गया कि एक डॉक्टर दिन भर अत्यधिक व्यस्त रहकर दूसरों का उपचार करता है लेकिन अपने लिए टाइम नहीं निकाल पाता इसलिए आईएमए की ब्रांच ने सभी चिकित्सकों का ब्लड, शुगर, बीपी, ईसीजी आदि जांचा एवं उन्हें स्वाथ्य संबंधी सलाह दी। आयोजन के दौरान रिटायर सीएमएचओ डॉ. केके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार, डॉ. ऋषि द्विवेदी, डॉ. अरूणेन्द्र शुक्ला, डॉ. अंकुर खरे आदि मौजूद रहे।

छात्रों ने अचानक शिक्षकों को विषय विशेष देकर संवाद करने को कहा

सूचना तोताराम तो ज्ञान आत्माराम, अभय का परिणाम विश्वास

छतरपुर, देशबन्धु। शासकीय हाईस्कूल रामपुर में प्राचार्य लखनलाल असाटी ने शनिवार को सीसीएलई एवं आनंद सभा के दौरान एक अभिनव प्रयोग कराया जिसमें छात्रों ने मौके पर विषय देकर शिक्षकों से त्वरित व्याख्यान करने को कहा। इस दौरान सूचना, सुख, उत्साह, विनम्रता, चरित्र, कर्तव्य, ज्ञान और आत्मविश्वास पर शिक्षकों ने संवाद कर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। सबसे पहले सूचना शब्द पर वरिष्ठ शिक्षक राजीवरमन पटैरिया ने कहा कि जो भी हमें प्राप्त हो रहा है वह सभी सूचना ही है। प्राप्त सूचना को अग्रेषण करते समय हमें उसके सोर्स और उसकी प्रामाणिकता पर भी ध्यान देना होगा। इन दिनों सूचना का ओवरफ्लो हो रहा है। सुख शब्द को परिभाषित करते हुए कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि पूरी दुनिया इसकी तलाश में है और यह शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर आवश्यक है। उत्साह शब्द की व्याख्या करते हुए ज्योति व्यास ने कहा कि एक तरह से जिज्ञासा ही उत्साह है जो उम्र के साथ बढ़ती जाती है। अभय कुमार जैन ने विनम्रता पर कहा कि सीखने के लिए विनम्र होना आवश्यक है। चरित्र शब्द को स्पष्ट करते हुए शरद कुमार नामदेव ने कहा कि अच्छा आचरण ही मेरा पहला और श्रेष्ठ धर्म है। कुंवर सिंह केवट ने कर्तव्य शब्द को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसके लिए फल कामना को त्याग करना होगा। सुरेश कुमार अहिरवार ने ज्ञान शब्द पर अपनी बात रखते हुए कहा कि ज्ञान माता-पिता, पड़ोसी, समाज, प्रकृति सभी जगह से प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य लखनलाल असाटी ने आत्मविश्वास को परिभाषित करते हुए कहा कि जहां-जहां अभय होगा वहां-वहां विश्वास होगा। जिस किसी भी व्यक्ति, वस्तु, स्थान और समय पर हमें अभय है वहां हम विश्वासपूर्वक जी पाते हैं। विश्वास की पूर्णत: आत्मविश्वास है। खासकर हम अपने माता-पिता को लेकर पूर्ण रूप से आश्वस्त होते हैं। यह भी तय किया गया कि प्रत्येक सप्ताह शनिवार को विद्यार्थी इसी तरह से अन्य विषयों पर भी छात्रों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान सुन सकेंगे और यह सभी विषय अचानक दिए जाएंगे ताकि छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों की भी थिंकिंग और लर्निंग स्किल में बढ़ोत्तरी हो।

कहानी

गांधीजी की शॉल

■ हरिशंकर परसाई

चार दिन हो गए, पर शॉल का पता नहीं लगा। सेवकजी ने रेलवे स्टेशन पर पूछताछ की, डिब्बे में साथ बैठे एक परिचित यात्री से पूछा, पर पता नहीं लगा। पुलिस में रिपोर्ट और अखबार में विज्ञप्ति छपाने पर सोचा, पर लगा कि गांधीजी की दी हुई पवित्र शॉल थी, उसे पुलिस और अखबारी मामलों में फंसाने से उसकी पवित्रता नष्ट होगी। कोई चाबियों का गुच्छा या सूटकेस तो था नहीं। पूज्य गांधीजी की शॉल थी।

सेवकजी हर दिन की तरह दरवाजे पर कुर्सी लगाकर बैठे थे। शून्य में देख रहे थे। सड़क पर कितने ही परिचित निकल गए। सेवकजी ने किसी को नहीं बुलाया। और दिन होता, तो वे परिचित को देखते ही वहीं से बैठे-बैठे जयहिंद उछालकर उसे रोकते।

बड़ी चौड़ी मुस्कान से जाते, उसका हाथ पकड़ लेते और घोर आत्मीयता से कहते- ऐसे नहीं हो सकता। आप बिना चाय के नहीं जा सकते।' पकड़कर भीतर ले जाते, चाय बुलाते अलमारी से एक फाइल निकालते, जिसमें वे अखबारी कतरनें लगी थीं, जिसमें उनका नाम छपा था। इनमें वह कतरन भी थी, जिसमें उनके बचपन में खो जाने पर पिता ने उनकी खोज में विज्ञप्ति छपाई थी। एक-एक कर सब कतरने वे बताते और बीच-बीच में अपनी राष्ट्र, समाज सेवाओं का उल्लेख करते जाते। वे बताते कि किस सन् में किस नेता के साथ जेल में थे। परिचित उठने का उपक्रम करता तो सेवकजी आग्रह से उसका हाथ पकड़कर कहते-'बस! एक मिनट और। मैं आपको अपने जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र वस्तु बतलाता हूं।

'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।''खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता। कोई परिचित उस सड़क के बिना उन कतरनों और उस शॉल को देखे, निकल नहीं सकता था। आज चार दिनों से लोग बेखटके निकल रहे थे। सेवकजी उन्हें नहीं छेड़ते थे। सोचते - उस घर में अब किसको क्या बुलाएं, जिसकी श्री ही चली गई है।

टाउन हॉल में शाम को सभा की

'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता।

घोषणा करता हुआ लाउडस्पीकर लगा तांगा निकला। सेवकजी के मन में उमंग की लहर उठी। पर लगा कैसे जाऊं। शॉल जो खो गई।

हर सभा में वे गांधीजी की शॉल ओढ़कर जाते। मंच पर अंतिम वक्ता के बाद खड़े होकर कहते- 'मुझे भी इस विषय पर दो शब्द कहना है।' माइक पर वे बोलते- मैंने जो कुछ सीखा गांधीजी के चरणों में बैठकर। वे मुझे पुत्रवत स्नेह करते थे। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए.....और पूरा किस्सा। मेरे जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र निधि है। सभा में लोग जानते थे कि सेवकजी अवश्य आएंगे और शॉल के बारे में बताकर बैठ जाएंगे। एक सभा में वे इस विषय पर आ ही रहे थे कि सभापति ने घंटी बजा दी। हड़बड़ाकर बैठने लगे, तभी किसी मसखरे ने आवाज लगाई- 'सेवकजी! आप शॉल के बारे में बताना भूल गए।' लोग हंस पड़े। पर सेवकजी ने सहज भाव से कहा- जब प्रसंग उठाया ही गया है, तो बताना मेरा धर्म है और फिर पूरा वाकया...।

सेवकजी उस पीढ़ी के थे, जिसने जवानी के आरंभ में सोच लिया था कि जीवन-भर देश की स्वतंत्रता के लिए संग्राम करेंगे। पर स्वतंत्रता पहले आ गई, जीवन शेष रहा। अब क्या करें? यह तो सोचा ही नहीं था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्या करेंगे? जिन्होंने सोच लिया था, वे सरकार चलाने लगे। कुछ विरोधी दल में आ गए। जो जीत न सके, सरकार में नहीं जा सके। वे बड़ी उलझन में आ गए। हारा हुआ राजा रनिवास में जाता है.

सेवकजी अध्यात्म में आ गए। पर वहां मन नहीं लगा। वे लौट आए। पर अब क्या करें? वे पूरे जोर से सोच रहे थे। शॉल जीवन शक्ति ले गई। किसलिए जिएं? जिएं, तो करें क्या? ऐसे जीने से मर जाना अच्छा! एक विचार उनके मन में सहसा आया और उसके आवेग से वे खड़े हो गए। चप्पल पहनी और दूर सदर कोने में कपड़ों की एक दुकान पर गए और वैसी ही शॉल खरीद ली। मन ही मन समाधान कर लिया- वस्तु सत्य नहीं है, भावना सत्य है। अब समस्या खड़ी हुई कि उसका नयापन कैसे मिटे? सेवकजी ने उसे पानी में डुबाकर सुखाया, उससे फर्श साफ किया, दो-तीन दिन उसे ओढ़कर सोते रहे। अत्याचार से उसकी चमक-दमक गायब हो गई। प्रफुल्लता लौट रही थी, पर ज्योंही वे प्रसन्न होते, आशंका

कूद पड़ती कि लोग समझ न जाएं?

शाम की सभा तय थी। कई दिन बाद सेवकजी सभा की तैयारी में थे। कुर्ता और धोती निकाले, शॉल निकाली। मंच पर बैठे धुकधुकी लगी- कोई भेद न जान ले। कोई सहज ही देखता तो कांप जाते इन्होंने शॉल का रहस्य भांप लिया। अंतिम वक्ता के बाद खड़े हुए। बोले, 'मुझे इस विषय पर दो शब्द कहना है।' उन्होंने माइक पकड़ लिया था। दिल धड़क रहा था और हाथ कांप रहे थे। आज पैरों को स्थिर करने का प्रयत्न करना पड़ रहा था। बोलना शुरू किया 'मैंने जो कुछ सीखा है, गांधीजी से... ये शॉल उन्होंने मुझे दी थी। बापू स्वयं...'

पहली पंक्ति में बैठा एक आदमी उठकर खड़ा हो गया और बोला, 'क्यों झूठ बोलते हैं सेवकजी? यह शॉल तो बिल्कुल नई है और मिल की है। भला गांधीजी मिल की शॉल देते?' सभा में हंसी हुई, सेवकजी के पैर डगमगाए, माइक पर पकड़ ढीली हुई और वे वहीं बैठ गए।

हिंदी ग़ज़ल परंपरा को समृद्ध करती ग़ज़लें

■ रामकृष्ण यादव

कई उपन्यास एवं आलोचना की पुस्तकों के प्रकाशन के बाद डॉ. ललन प्रसाद सिंह का पहला ग़ज़ल-संग्रह 'ग़ज़ल-गीत संगम' नाम से किशोर विद्या निकेतन, वाराणसी से सद्य: प्रकाशित हुआ है।

इस संग्रह में दो खंड हैं, पहला 'ग़ज़ल खंड' तथा दूसरा 'गीत खंड'। ग़ज़ल खंड में कुल 326 गजलें सम्मिलित हैं। ये ग़ज़लें उन्होंने 1995 से 2022 के बीच के कालखंड में रची हैं। समयांतराल की वजह से प्रारंभ की ग़ज़लों एवं वर्तमान की ग़ज़लों की भाषा-शिल्प एवं कहन में थोड़ा-बहुत अंतर है।

ग़ज़ल की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जो कविता से भिन्न है। यही वजह है कि ललन प्रसाद सिंह की ग़ज़लें कथ्य, संकेतों, शब्दों एवं तान के माध्यम से एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती हैं। उनकी ग़ज़लें सामाजिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक विद्रूपताओं पर प्रहार करने के साथ-साथ राजनैतिक क्रांति का उद्घोष करती हैं-

'समाजवाद तेरे लिए सिर्फ़ जुमला है
मग़र उनके लिए तो अन्याय पर हमला है'

राजनैतिक व्यवस्था से उत्पन्न पीड़ा, दर्द, असमानता, अमीरी-गरीबी का फासला उन्हें उद्वेलित करता है -

'काजल की कोठरी में बैठे हो
शीशे की दीवार लगाकर
कब तक जिंदा रहोगे
किसानों की अस्थि चबाकर'

सियासतदां पर चोट करते हुए लिखते हैं-

'हमें टुकड़े-टुकड़े में बांटे हो
अपनी सियासत के खातिर
तेरी नीयत पर नज़र है
तुम हो कितने शातिर'

आज सांप्रदायिकता का जहर सियासत में इस कदर फैल गया है कि आये दिन दंगा-फसाद होते रहते हैं; जातीय-नस्लीय हिंसा होती है; जिंदगियां तबाह हो जाती हैं; बस्तियां-घर जला दिए जाते हैं। सियासतदां अपनी-अपनी रोटियां सकते हैं। सांप्रदायिकता से उपजी पीड़ा को एक युवती यूं बयां करती है-

'अम्मा की फूट गई चूड़ियां
हमारी उजड़ गई दुनिया
आदमी मर गया, तेरी सियासत में
मेरा आशियां जल गया, तेरी सियासत में '

लोकतांत्रिक व्यवस्था में ललन प्रसाद सिंह की पूर्ण आस्था है । वे समता एवं समानता के पक्षधर हैं । पर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की खामियां उन्हें नागवार लगती हैं। वे लिखते हैं-

'व्यक्ति बदल जाता है, व्यवस्था कहां बदलती चुनाव खत्म हो जाता, खुशी कहां मिलती'
... ...
'वे कहते हैं जनता मालिक है
पर सब मालों के वे मालिक हैं
'

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित 'हिंदुस्तानी' है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

पर उन्हें उम्मीद है कि एक न एक दिन यह व्यवस्था बदलेगी। कभी उनका भी वक्त आएगा, जो हाशिए की ओर धकेल दिए गए हैं। क्योंकि लोकतंत्र की चक्की धीरे-धीरे घूमती है, पर घूमती जरूर है।

'मेहनतकश हम काश्तकारों का
कभी तो वक्त आएगा
देख लेना
नया प्रकाश आसमान में छाएगा'

इस संग्रह में दलित-विमर्श, स्त्री-विमर्श,एवं आदिवासी-विमर्श पर आधारित ग़ज़लें भी हैं।

ललन प्रसाद सिंह के इस संग्रह में इश्क-हुस्न, दोस्ती-दुश्मनी,अपना-पराया, खुशी-गम, , भाषा, संप्रदाय,जाति, लिंग, प्रकृति, बुद्ध ,कबीर, मार्क्स , कला, संस्कृति, आदि विविध विषयों पर कई ग़ज़लें हैं और उन सभी के तेवर अलग-अलग हैं।

श्री सिंह के इस संग्रह में नब्बे गीत भी शामिल हैं। हिंदी साहित्य में गीत सामान्यत: कम लिखे गए हैं। हालांकि गीतों का जनजीवन पर काफी प्रभाव रहा है।

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित हिंदुस्तानी है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

पुस्तक - ग़ज़ल-गीत संगम
ग़ज़लकार -डॉ. ललन प्रसाद सिंह
प्रकाशक- किशोर विद्या निकेतन, भदैनी, वाराणसी -221001
मूल्य - 300 रुपये

ग़ज़ल

महमूद दरवेश की दो कविताएं

महमूद दरवेश का जन्म 13 मार्च, 1942 को फिलिस्तीन में हुआ था , उनकी कविताओं ने अरबी भाषा की कविताओं को एक पहचान अलग पहचान दिलाई. उनकी ज़्यादातर कविताओं का अनुवाद दुनिया की तमाम भाषाओं में हुआ। महमूद दरवेश दुख, सपनों, उम्मीदों के महान कवि माने जाते हैं। लाखों-लाख फिलिस्तीनियों की तरह महमूद दरवेश का परिवार भी अपनी जन्मभूमि से विस्थापित नहीं, बल्कि निर्वासित कर दिया गया, क्योंकि माना यह गया कि जहां वे पैदा हुए वह जमीन उनकी नहीं थी। विस्थापन का दर्द महमूद दरवेश की कविताओं में टूट कर दिखता है। लेकिन उनकी कविता में केवल पीड़ा, आंसू, दुख, आक्रोश, विद्रोह, संघर्ष न था. उनमें उम्मीदें भी थी. उनका दृढ़ विश्वास था कि अब तक का मानव समाज तमाम आततायियों को देख चुका है, उन्हें जमींदोज कर चुका है, ऐसे में हमारे देश पर टूट पड़े आक्रांताओं का भी भविष्य वही होगा. हमारी जमीन हमें मिलेंगी, हम अपने घर जरूर लौटेंगे।

फिलिस्तीन की मुक्ति और शांति के सपने लिए महमूद दरवेश ने 2008 में 9 अगस्त को इस दुनिया से विदा ली। पाठकों के लिए पेश हैं, महमूद दरवेश की दो अनूदित कविताएं। अनुवाद अनिल जनविजय ने किया है

मैं घोषणा करता हूँ

जब तक
मेरी एक बालिश्त ज़मीन भी शेष है
एक जैतून का पेड़ है मेरे पास
एक नीम्बू का पेड़
एक कुआँ
और एक कैक्टस का पौधा

जब तक
मेरे पास एक भी स्मृति शेष है
पुस्तकालय है छोटा-सा
दादा की तस्वीर है
और एक दीवार

जब तक
उच्चरित होंगे अरबी शब्द
गाए जाते रहेंगे लोकगीत
पढ़ी जाती रहेंगी —
कविता की पंक्तियाँ
अनतार-अल-अब्से की कथाएँ
फ़ारस और रोम के विरुद्ध लड़े गए
युद्धों की वीर गाथाएँ

जब तक
मेरे अधिकार में हैं मेरी आँखें
मेरे होंठ और मेरे हाथ
मैं खुद हूँ जब तक
मैं अपने शत्रु के समक्ष घोषित करूँगा —

मुक्ति के लिए प्रबल संघर्ष
स्वतन्त्र लोगों के नाम पर हर कहीं
मज़दूरों, छात्रों और कवियों के नाम पर

मैं घोषित करूँगा —
खाने दो कलंकित रोटी
कायरों को
सूरज के दुश्मनों को
मैं जब तक जीवित रहूँगा
मेरे शब्द शेष रहेंगे —
'रोटी और हथियार
मुक्ति-योद्धाओं के लिए'

फ़िलिस्तीन के प्रेमी

ओ मेरी प्रिया !
दर्द भरी तेरी आँखें
बेधती हैं मेरे हृदय को
जब भी मैं याद करता हूँ उन्हें

उनमें गरजती है बिजली
दहकता है गुस्सा
वियोग झलकता है उनमें
और मैं सम्हाल कर रखता हूँ तेरा दर्द

आकाश में चमक रहे हैं सहस्त्रों सितारे
घायल है मेरा हृदय
उस पर भी हैं हज़ारों घाव
तेरा दर्द मेरे प्यार का विस्तार है
एक पुल है
वर्तमान और भावी दिनों के बीच

भला, कैसे भूल सकता हूँ मैं
तेरी आँखों में चमकते वे दिन
बचपन के वे साल
जब साथ-साथ बड़े हुए थे हम

तब मुझे लगता था, मेरी प्रिया !
कि तेरी उन बड़ी-बड़ी आँखों में
जल रही है आग
और मैं गाने लगता था
उनके बारे में नए-नए गीत

पर आज
निर्वासन की यह भयानक ठण्ड
बरसा रही है आग
मेरे होंठ? को जला रही है
भद्दे ढंग से, बेरहमी के साथ

आज
वीरान पड़े हैं वे मकान
छोड़ने पड़े थे जो हमें
पक्षी तक नहीं बैठते अब
उनकी मुण्डेरों पर

तड़कने लगे हैं आइने
आज़ादी की मौत के इस जश्न पर
और हम
बीनते हुए लोकगीतों के टुकड़े
आँक रहे हैं क़ीमत जन्मभूमि की

नए-पुराने सुरीले गिटारों पर
हम गाते हैं शब्द-शब्द
अपने गीत
और रचते हैं धुनें नई-नई
रुदन करते अपने
उन वीरान पड़े मकानों पर

ओ जानम् !
हमारा प्यार जीवित है अब भी
अब भी सुनती है तू मेरी आवाज़
बीते समय के साथ-साथ धीमी ज़रूर हो गई वो
पर कमज़ोर नहीं हुई

ओ युवा ग्वालन ! मैं देख रहा हूँ तुझे
काँटों भरी राह पर दौड़ते हुए
गायों और भेड़ों के रेवड़ के पीछे
तू गुज़र रही है
खण्डहर हुए एक घर के पास से
जिसका प्रवेश-द्वार बदल गया है राख में

मैं देख रहा हूँ तुझे
मेरी प्रिया !
लाइन में लगे हुए
सूख रहे एक कुएँ के पास

ओ रात्रिकालीन होटलों में बरतन मलने वाली !
मैं देख रहा हूँ तुझे लेटे हुए
चिथड़ा-चिथड़ा एक तम्बू में
उन अलावों के पास
जलाया है जिन्हें अनाथ बच्चों ने
और याद कर रहे हैं जो
घर के चूल्हे की आग

मुझे विश्वास है, मेरी जान !
चाहे कुछ भी क्यों न करना पड़े तुझे
कैसे भी क्यों न रहना पड़े
चलना पड़े चाहे किसी भी राह पर
निर्वासन की इस आग में, उदासी में
बनी रहेगी तू वैसे ही
जैसे बरकरार है सूरज
समुद्र
और हमारी शानदार यह धरती
हज़ारों-हज़ार बरस से

मुझे क़सम है, तेरे इस रुमाल की
जो तूने उपहारित किया था मुझे
विदा करते हुए
मैं क़सम खाता हूँ, जानम् !
तेरी काली घनी बरौनियों की
मुझे क़सम है तेरी, मेरी जान !
अमर रहेगा फ़िलिस्तीन
हमारा भाग्य फ़िलिस्तीन

चमकते सूरज के नीचे
फ़िलिस्तीन मेरा है
चमकते चान्द के नीचे
फ़िलिस्तीन तेरा है
फ़िलिस्तीन हमारा है, हमारा ही रहेगा

अपने नए गीतों से हम
बेध देंगे ठिठुरती इस हवा को
सूखी धरती में डालेंगे नए बीज
अपने ख़ून से सींचेंगे
लुटे-पिटे खेतों की आत्मा और शरीर
फिर गुज़र जाएँगे लम्बे वर्ष
और उनमें पैदा होगी फ़सल घनी

तेरा नाम — फ़िलिस्तीन
तेरी दृष्टि — फ़िलिस्तीन
तेरे नयन-नक़्श — फ़िलिस्तीन
फ़िलिस्तीन — तेरी आशा
फ़िलिस्तीन — तेरी आवाज़
फ़िलिस्तीन — महिलोचित गरिमा तेरी

फ़िलिस्तीन जिएगी तू
तू मरेगी फ़िलिस्तीन

ओ मेरी प्रिया !
मेरी किताबों का सार और विचार है तू
मेरे गीतों की आग है
हर क्षण तूने सम्पूर्ण किया मेरा जीवन
तेरे बिना होता ये बरबाद और बेरंग
मेरे लिए एकमात्र सर्जक है तू
एकात्म है तू मेरी मातृभूमि के साथ
मेरे इस लबालब हृदय में

गोविंदपुरा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो, चुनावी सभा में बोले शिवराज

हर घर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर हम हर घर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य है एक परिवार से एक व्यक्ति रोजगार से जुड़ जाए। चाहे फिर वह सरकारी नौकरी हो या अन्य स्वरोजगार की योजनाएं। हमारा लक्ष्य हर परिवार को रोजगार से जोड़ने का है। यह बात श्री चौहान ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।

इसके पहले श्री चौहान ने विधायक श्रीमती गौर के समर्थन में रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने पहला रोड शो भानपुर स्थित शिवनगर से प्रारंभ किया, वहीं दूसरा रोड शो बागसेवनिया में किया। दोनों रोड शो के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को लाभान्वित करने का काम किया है। आज प्रदेश में हर तरफ विकास की गंगा बह रही है, इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए भाजपा को भारी बहुमत से जिताएं। गोविंदपुरा विधानसभा से बहन श्रीमती कृष्णा गौर को जिताकर भाजपा को आशीर्वाद दें। मैं विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने बहनों को विश्वास दिलाया कि आपके मान, सम्मान में आपका भाई और भाजपा की सरकार कोई कमी नहीं आने देगी, बहनों का मान-सम्मान ही हमारा स्वाभिमान है।

लाड़ली बहना और आवास योजना में जोड़े जाएंगे शेष नाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जिन-जिन बहनों के नाम रह गए हैं, चुनाव के बाद पोर्टल खोलकर उनके नाम जोड़े जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के शेष बचे नामों को जोड़ा जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर भी 450 रुपए में दिए जा रहें हैं, ताकि बहनों को धुएं से परेशानी न हो।

कमलनाथ पैसा न होने का रोना रोते रहते थे

उन्होंने कहा कि मैं कमलनाथ नहीं हूं जो प्रदेश के विकास में और गरीब हितैषी योजनाओं को चलाने के नाम पर पैसे न होने का रोना रोते रहते थे। उन्होंने कहा कि ये भाजपा सरकार है। हर संकट में गाँव, गरीब, किसान के साथ खड़ी रही है। मैं कमलनाथ जैसा नहीं हूँ जो पैसा न होने का रोना रोता रहूँ। भाजपा सरकार में जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

हमास और पीएफआई मुद्दे पर गृहमंत्री ने कांग्रेस नेता को आड़े हाथों लिया, कहा-

दिग्विजय कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे

भोपाल, देशबन्धु। हमास और पीएफआई के मुद्दे को लेकर भाजपा ने कांग्रेस और दिग्विजय सिंह को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पीएफआई को लेकर दिग्विजय सिंह के बयान पर कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में हो उसे दिग्विजय सिंह कैसे क्लीन चिट दे सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्किार्जुन खरगे के साथ ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से पूछा है कि क्या वे दिग्विजय सिंह के बयान से संतुष्ट हैं।

उन्होंने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कमलनाथ अब तक क्यों शांत हैं, समझ नहीं आता। उन्हें साफ करना चाहिए कि क्या वो दिग्विजय के बयान से इत्तेफाक रखते हैं कि नहीं। श्री मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि ये केवल तुष्टीकरण करते हैं, मुस्लिमों को डर दिखाकर इकट्ठा करो और हिंदू को जातियों में बांटो की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवा को आतंकवाद से जोड़ने, राम मंदिर की तिथि पर सवाल उठाने और महाकाल लोक पर सवाल उठाने वाले दिग्विजय सिंह है। इन्हें किसी दूसरे धर्म पर सवाल उठाते हुए देखा है क्या? श्री मिश्रा ने कहा कि जातीय जनगणना भी दिग्विजय सिंह जैसों की ही सोच की उपज है जो हिंदू को बांटकर राज करना चाहते हैं।

विधायक त्रिपाठी ने भाजपा छोड़ी, विस की सदस्यता से भी दिया इस्तीफा

भोपाल, देशबन्धु। मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने विधानसभा की सदस्यता और भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। वह लम्बे समय से भाजपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे, उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं।

श्री त्रिपाठी स्थानीय मुद्दों के साथ ही विंध्य प्रदेश के गठन की मांग को लेकर सक्रिय थे। इसको लेकर उनके और भाजपा के रिश्तों में खटास आ गई थी। जिसके चलते वह बीते 2-3 साल से लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इस बार भाजपा ने विधायक श्री त्रिपाठी के स्थान पर मैहर विधानसभा से ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दिया है। श्री त्रिपाठी सबसे पहले समाजवादी पार्टी विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके बाद दूसरी बार वह कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचे और तीसरी बार 2015 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करवाई, वहीं 2018 का विधानसभा चुनाव भी उन्होंने भाजपा के टिकट पर जीता।

जिला पंचायत सदस्य ने भी दिया इस्तीफा

वहीं सागर के नरयावली विधानसभा से भाजपा से टिकट के दावेदार पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद तोमर ने भी भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे का कारण पार्टी में अपनी उपेक्षा को बताया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अरविंद तोमर नरयावली विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं।

किरेन रिजिजू मिजोरम के भाजपा चुनाव प्रभारी नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को मिजोरम के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। शुक्रवार को पार्टी ने एक बयान में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन मिजोरम चुनाव के लिए पार्टी के सह-प्रभारी के रूप में काम करेंगे। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

नागदा-खाचरौद से टिकट कटने से नाराज थे दिलीप सिंह शेखावत

उमा के पूर्व सलाहकार को मनाने घर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय

• कैलाश सनोलिया

नागदा, देशबन्धु। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को टिकट कटने से नाराज उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सलाहकार रहे पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत के नागदा जिला उज्जैन स्थित निवास पर पहुंचे, 3 बार इस क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके शेखावत का इस बार टिकट काटकर संगठन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान को मैदान में उतारा है।

शेखावत 3 में से एक बार 2013 चुनाव जीते थे। संगठन के निर्णय के खिलाफ नगर पालिका परिषद के 16 पार्षदों तथा खाचरौद के कुछ पार्षदों ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। और भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं त्यागपत्र देकर पार्टी के निर्णय को बदलने के लिए अड़े हुए थे। इस निर्णय के खिलाफ हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाकर श्री शेखावत ने शक्ति प्रदर्शन कर पार्टी के समक्ष संकट खड़ा कर रखा था। टिकट की घोषणा के बाद वे भाजपा उम्मीदवार डॉ. चौहान के चुनाव प्रचार से भी दूर थे। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं के बीच सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप भी चले। श्री शेखावत ने घोषणा कर रखी थी कि बीफार्म मिलने तक टिकट बदलने की लड़ाई जारी रखेंगे। यह विवाद लगभग 2 सप्ताह से जारी था। इस विवाद के चलते जब श्री विजयवर्गीय नागदा पहुंचे तब डॉ. तेजबहादुर के पक्ष में कार्यकर्ता सम्मेलन तय हुआ था । जो कि रांगोली गार्डन में प्रस्तावित था। इधर, श्री शेखावत के समर्थकों ने भी उनके निवास परिसर में भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय नेता सबसे पहले मनोहर वाटिका स्थित श्री शेखावत के घर पहुंचे। यहां पर उन्होंने बंद कमरे में श्री शेखावत से चर्चा की। इस चर्चा में सांसद अनिल फिरोजिया, और भाजपा उज्जैन जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला भी शामिल हुए। बाद श्री विजयवर्गीय ने निवास परिसर में ही नाराज कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पार्टी के हित में कार्य करने का आव्हान किया।

डॉ. तेजबहादुर के पक्ष में कार्य करने का किया आव्हान

बाद में श्री विजयवर्गीय भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। यहां पर बाद श्री शेखावत भी पहुंचे और मंच से डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के पक्ष में कार्य करने का आव्हान कार्यकर्ताओं से किया। श्री विजयवर्गीय के आग्रह पर डॉ. चौहान और श्री शेखावत ने एक दूसरे के गले में माला डालकर स्वागत किया। गौरतलब है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती के कार्यकाल में मुख्यमंत्री निवास में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उमा के कार्यकाल में राज्यमंत्री का दर्जा देकर मप्र उर्जा विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया। उमा के पद से उतरने के बाद भी शिवराज सरकार में पुन: उर्जा विकास निगम के पद से नवाजा गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोले किसी समय जब श्री शेखावत मुख्यमंत्री निवास में थे तब मुख्यमंत्री से मिलने के लिए मुझे इनसे ही बात करना पड़ती थी। इस क्षेत्र से श्री शेखावत को 3 बार टिकट भी मिला। पहली बार 2008 में वे कांग्रेस उम्मीदवार दिलीप सिंह गुर्जर से 9 हजार 8 सौ मतों से चुनाव हार गए। वर्ष 2013 में श्री गुर्जर को 16115 मतों से पराजित करने में सफल हुए। जबकि 2018 में भी श्री गुर्जर से 5117मतों से चुनाव हार गए। इस बार पार्टी ने इनका टिकट काट दिया।

भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर

वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 111वें स्थान पर फिसला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है।

आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमश: कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें, बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे।

सरकार ने रिपोर्ट को बताया त्रुटिपूर्ण व गलत

क्या होता है वैश्विक भूख सूचकांक

ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया जाता है।

मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमज़ोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है। भारत में अल्प पोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है।

वैश्विक भूख सूचकांक 2022 की रिपोर्ट को लेकर भारत सरकार ने कहा था कि गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हॉलमार्क लगता है। भारत को ऐसे देश के रूप में दिखाया जा रहा है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यह इंडेक्स भुखमरी को गलत तरीके से मापता है। इसमें जो मेथड इस्तेमाल किया जाता है वह भी गंभीर रूप से गलत है।

बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार किए नष्ट

गंगटोक, एजेंसी। सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। दो दिन में करीब 36 मोर्टार नष्ट किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया गया।

देश की समुद्री सीमाएं होंगी और अभेद्य : पाल

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल ने कहा कि देश की समुद्री सीमाएं और अभेद्य होंगी। इसके लिए तटरक्षक बल कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। 2025 तक बल के बेड़े में करीब 100 विमान और 200 गश्ती जहाजों को जोड़ा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने देश में 28 नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र बनाने की भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हम भविष्य की चुनौतियों को लेकर अत्यधिक सजग हैं और अत्याधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल को बढ़ा रहे हैं। इसके लिए इसरो के साथ भी कई नए प्रयोग कर रहे हैं। देश की लंबी तटरेखा व समुद्री हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बल किसी भी चुनौती के लिए तैयार है।

एटीएम से निकला नकली नोट!

गुना, देशबन्धु। शहर के एक एटीएम से नकली नोट निकलने का मामला सामने आया है। मामला शहर के गौशाला के सामने वाले एटीएम का है। यहां महावीरपुरा निवासी जगदीश राठौर द्वारा पैसे निकालने गए थे। जब राठौर ने एटीएम के माध्यम से 2000 निकले तो 9 नोट दो-दो सौ के और दो नोट 100-100 रुपए के निकले। जिसमें 100 का नोट नकली था। जब यह नोट राठौर के हाथ आया हाथ में लेने के बाद ही पता लग गया की यह नकली नोट है।

कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए आरोप

3 लाख से अधिक वनाधिकार पट्टे निरस्त किए

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस ने भाजपा सरकार को आदिवासी विरोधी बताते हुए आज फिर कई मुद्दों पर घेरा। पार्टी ने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार ने 3 लाख 22 हजार से अधिक वनवासियों के पट्टे निरस्त किए हैं, उससे स्पष्ट है कि ये सरकार वनवासियों की हितैषी नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी उपेक्षा के चलते आदिवासी दर-दर भटकने पर मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने स्वाभिमान के लिए जल, जगंल, जमीन की लड़ाई लड़ रहा है। इस लड़ाई में कांग्रेस आदिवासी समाज के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। कांग्रेस प्रवक्ता राजपूत ने कहा कि आदिवासी समाज पर अत्याचार की लम्बी सूची हैं, इस सिलसिले में उन्होंने विदिशा, अनूपपुर, महू सहित कई घटनाओं का जिक्र किया।

भ्रष्टाचारियों को सरकारी संरक्षण

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज आदिम जाति कल्याण विभाग का भ्रष्टाचार सामने आया, जिसमें 10 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है, जिसमें 7 साल से सह-आयुक्त रहे 8 अफसरों पर न्यायालय ने भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने का आदेश जारी किया है, जिसमें न्यायालय ने कहा कि नियम विरूद्ध उन्होंने खाते से ही आहरण जारी रखा। क्या सरकार का भ्रष्टाचारियों को सरंक्षण प्राप्त है। अधिकारी खुलेआम नियम विरूद्ध खाता खोलते थे और उससे राशि स्वयं ही राशि निकालते थे। उन्होंने पूछा कि ये पैसा किसको जाता था।

आगामी त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

आष्टा, देशबन्धु। आगामी त्यौहारों को लेकर नवरात्रि, दशहरा को लेकर पार्वति थाना मे एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी के जी शुक्ला ने की। थाना प्रभारी ने सभी के परिचय प्राप्त करते हुए मीटिंग का शुभारंभ किया। अलीपुर क्षेत्र मे तीन जगह माता रानी की स्थापना होगी। जिसमें मुख्य रूप से इंदौर नाका जनपद पंचायत के पास और रेस्ट हाउस के सामने तीनों के अध्यक्ष एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष माता मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने अपनी बात रखी। जिसको थाना प्रभारी ने गंभीरता से लिया और सभी को आश्वासन दिया कि नवरात्रि एवं दशहरा भाईचारा व परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। वहीं सभी की मांगों पर यह निर्णय लिया कि दशहरा के दिन शाम के समय अलीपुर मे बड़े वाहन प्रवेश नहीं करेंगे।

इस अवसर पर माता मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रमेश परमार दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश सिंगन,हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष पूरणमल नायर,नागा माता मदिर के अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर जनपद पंचायत माता मंदिर अध्यक्ष गोविंद भट्ट रेस्ट हाउस के सामने माता मदिर के अध्यक्ष अनिल पांचाल , घनश्याम जांगड़ा,राजेंद्र जैन, मसूंरी समाज के जिलाध्यक्ष जहूर मंसूरी,कांग्रेस नेता सनव्वर खान, फैजुद्दीन, फौजी टेलर, पप्पू टेलर कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, सुशील शर्मा, शैलेष शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

आष्टा, देशबन्धु। जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में श्रीमती वंदना त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शा.कन्या उ.मा. शाला, में किया गया। जिसमें श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि कई बार शिक्षा के अभाव के कारण माता-पिता बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक नहीं हो पाते हैं और अपने बच्चों का विवाह कम उम्र में ही कर देते हैं। छोटी उम्र और शिक्षा के अभाव के कारण ही बाल विवाह के शिकार बच्चे भी इसका विरोध करने की स्थिति में नहीं रहते। साथ ही इन्हें बाल विवाह के निरोध के लिए मौजूद नियमों के बारे में जानकारी नहीं रहती। उक्त शिविर में शिक्षकगण में मो. हबीब खान, मनोज कुमार बाकड़े, देवी सिंह मालवीय, प्रीति माथुर एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

6 माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह आज

आष्टा, देशबन्धु। शहर के विजय श्री कंप्यूटर इंस्टीट्यूट बायपास चौराहा मे आज रविवार को दोपहर 12 बजे कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण एव सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर देवेंद्र परमार ने बताया कि आज हमारी संस्था द्वारा 110 छात्र छात्राओं को 6 माह एवं 3 माह का बेसिक कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रदान करेगी और 5 छात्रों को उत्कृष्ट पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

आबकारी विभाग ने 97 लीटर देशी-विदेशी अवैध शराब की बरामद

सीहोर, देशबन्धु। आबकारी विभाग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए अवैध मदिरा के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी सीएल मधुकर ने जानकारी दी कि गत दिवस वृत्त सीहोर एवं बुधनी में अवैध मदिरा विक्रय करने वालों पर 6 प्रकरण कायम किए गए। उनके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध मदिरा जप्त की गई। वृत्त बुधनी में नन्दन झा से 28 पाव देशी-अंग्रेजी शराब, ग्राम पीली करार में सन्दीप पचौरी से 23 पाव प्लेन शराब, ग्राम तालपुरा में अज्ञात व्यक्ति से 44 लीटर कच्ची शराब व कच्ची शराब के निर्माण के प्रयोजन से संग्रहित 1260 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी प्रकार वृत्त सीहोर के ग्राम पचामा में राजू से 16 पाव अंग्रेजी शराब, ग्राम थुना में मनीष सिंह से 15 पाव अंग्रेजी शराब, इछावर में 38 लीटर कच्ची शराब व कच्ची शराब निर्माण प्रयोजनार्थ संग्रहित 630 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। जप्तशुदा सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 8 हजार रुपए है। अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

बमोरी और गुना के कर्मचारियों ने प्रथम चरण में लिया प्रशिक्षण

गुना, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशानुसार मतदलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को प्रथम एवं द्वितीय पाली में विधानसभा बमोरी के कुल 320 एवं गुना के कुल 800 अधिकारी, कर्मचारियों का शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साथ ही विधानसभा चांचौडा के 400 तथा राघौगढ़ के 552 अधिकारी, कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण जिला स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। इसी क्रम में पीजी महाविद्यालय गुना में गुना एवं बमोरी के मतदान दलों का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। प्रशिक्षण में मतदान दलों को संपूर्ण मतदान प्रक्रिया विस्तार से बताई जा रही है।

प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम राघौगढ़ ने पूछे सवाल : इधर शासकीय पॉलिटेक्निक राघौगढ में विधानसभा क्षेत्र के मास्टर ट्रेनर के माध्यम से मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया का सघन सैद्धांतिक और क्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान विधानसभा में प्रयुक्त की जाने वाली ईव्हीएम के जोडने का संचालन करने एवं उनमें उत्पन्न हुई त्रुटियों के निवारण का सघन और सार्थक प्रशिक्षण दिया गया।

मुस्कान लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची स्वाति सिरोठिया

इजराइल-हमास युद्ध में फंसी टीकमगढ़ की बेटी की सुरक्षित वतन वापसी

टीकमगढ़, देशबन्धु। इजराइल-हमास के बीच छिड़े युद्ध में फंसी टीकमगढ़ की स्वाति सिरोठिया आखिरकार शनिवार को सुरक्षित भारत लौट आईं। भारत सरकार के प्रयासों के बाद स्वाति को सुरक्षित भारत लाया गया है। स्वाति टीकमगढ़ जिले के कुंडरेश्वर धाम की रहने वाली हैं जो इजराइल में रहकर पढ़ाई कर रहीं थीं और जब युद्ध शुरु हुआ तो इजराइल में ही फंस गई थीं। बंकर में छिपी स्वाति ने फोन के जरिए मदद की गुहार लगाई थी। वहीं कुंडरेश्वर में रहने वाले उनके परिजन ने भी स्थानीय प्रशासन और सरकार से बेटी को वापस लाने की गुहार लगाई थी।

दिल्ली पहुंचते ही दिखी चेहरे पर मुस्कान

युद्ध का मंजर झेलने के बाद जैसे ही स्वाति शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची तो उसके चेहरे पर मुस्कान उसकी वतन वापसी की खुशी को साफजाहिर कर रही थी। स्वाति नवंबर 2019 में इजराइल सरकार की सहमति से एमएससी एग्रीकल्चर करने के लिए इजराइल गई हुई थी, इसी साल अक्टूबर में उसकी डिग्री कंप्लीट होनी थी। 30 अक्टूबर को उसका भारत वापसी का वीजा था लेकिन इससे पहले ही हमास और इजराइल के बीच युद्ध शुरु हो गया। युद्ध शुरु होने के बाद स्वाति एक बंकर में रह रही थी।

फोन पर मांगी मदद

बंकर में फंसी स्वाति ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई थी। मोबाइल पर वीडियो कॉल कर परिजन से भी वापस लाने की बात कहते हुए युद्ध के खौफनाक मंजर बयां किए थे। जिसके बाद स्वाति के परिजन ने 8 अक्टूबर को टीकमगढ़ कलेक्टर से मदद की गुहार लगाई थी और सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री से भी मदद की गुहार लगाई थी। रोजाना परिजन बेटी की सलामती के प्रार्थना कर रहे थे जो अब पूरी हो गई है। स्वाति के सुरक्षित भारत लौटने पर उनके माता-पिता ने मीडिया, मध्यप्रदेश सरकार और पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

पुलिस ने 3 अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

टीकमगढ़, देशबन्धु। दिगौड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम बम्होरी, दिगौड़ा व रानीगंज तिगैला से अवैध देशी शराब को जप्त कर आरोपियों के खिलाफधारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण व गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम बम्होरी, दिगौड़ा व रानीगंज तिगैला से तीन लोगों के कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बम्होरी में राय ढावा के पास से आरोपी मूलचन्द्र साहू निवासी बम्होरी के कब्जे से 22 क्वाटर अवैध देशी शराब को जप्त किया। रानीगंज तिगैला पर आम रोड से आरोपी कमलेश राय निवासी कुड़ीला हाल रानीगंज के कब्जे से 24 क्वाटर अवैध देशी शराब को जप्त किया। दिगौड़ा के घुसयाना मुहल्ले में आरोपी जगन्नाथ साहू निवासी दिगौड़ा के कब्जे से 5 लीटर महुआ से बनी हुई अवैध कच्ची शराब को जप्त किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता, एसआई नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, अजय शुक्ला, सादिक खान, आरक्षक सलमान व अजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

निरंतर जारी है कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान

टीकमगढ़, देशबन्धु। शनिवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शाश्वत सिंह ने ग्राम पंचायत अजनोर, सापौन सहित उसके सम्मिलित ग्रामों में घर घर जाकर जनसंपर्क किया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी ग्रामों के युवा शाश्वत सिंह के साथ कंधा से कंधा मिलाकर उपस्थित रहे और युवाओं ने अपने गांव से पूरी ताकत के साथ कांग्रेस पार्टी को जीतने का आश्वासन दिया। साथ ही शाश्वत सिंह को ग्रामों के वरिष्ठ जनों एवं माता बहनों और कन्याओं ने विजयभव का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बड़ागांव ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, समर्र। मंडलम अध्यक्ष, सापौन सेक्टर अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर पितरों को दी विदाई



पलेरा, देशबन्धु। हिंदू संवत्सर के आश्विन मास प्रारंभ होने के पश्चात पिछले 15 दिनों से पूर्वजों, पितृ देवों के निमित्त प्रत्येक घर में अर्पण, तर्पण, ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया जा रहा है। अंतिम दिन 14 अक्टूबर को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर पितृदेवों को आदराजंलि देते हुए विदाई दी गई। नगर के पठेश्वरी तालाब एवं संजय नगर नदी घाट में अनेक जगहों पर सामूहिक अर्पण-तर्पण का आयोजन किया गया। पितरों को विदाई देने के साथ ही अगले दिन मां अंबे के स्वागत में घर-घर में घट स्थापना और देवी मंदिरों में मनोकामना जोत प्रज्वलित की जाएगी।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर दिगौड़ा पुलिस ने की कार्रवाई

राजनीतिक पार्टी के झंडों की माला मकान के बाहर लगाने पर की गई 188 की कार्रवाई

दिगौड़ा, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगी हुई है और साथ ही धारा 144 लागू है। ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बिना अनुमति लिए किसी राजनीतिक दल का प्रचार प्रसार करने व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए जाने पर प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत दिगौड़ा कस्बे में बिना अनुमति के एक राजनीतिक पार्टी के छोटे छोटे झंडों की माला मकान के बाहर लगाकर प्रचार प्रसार कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघने करने का एक मामला सामने आने पर दिगौड़ा पुलिस ने मकान मालिक पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि शनिवार की रात करीब 8 बजे नगर भ्रमण के दौरान बिजरावन रोड पर एक मकान के बाहर राजनीतिक पार्टी के छोटे छोटे झंडों की माला प्रचार प्रसार करने के लिए लगी हुई थी। जब इसकी अनुमति को लेकर मकान मालिक से पूछताछ की गई तो उनके पास अपने मकान के बाहर राजनीतिक पार्टी के छोटे छोटे झंडों की माला लगाने की कोई अनुमति नहीं पाई गई। पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र सिंह बुंदेला निवासी बिजरावन के मकान के बाहर लगी हुई राजनीतिक पार्टी के छोटे छोटे झंडों की करीब 25 फुट लम्बी माला को निकलवा कर जप्त किया गया और आरोपी के विरुद्ध विधानसभा चुनाव 2023 के परिपालन में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए जाने पर धारा 188 के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता, एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, सादिक खान की मुख्य भूमिका रही।

नवोदय विद्यालय के छात्र का एसजीएफआई में हुआ चयन

टीकमगढ़, देशबन्धु।। शनिवार को स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। नवोदय विद्यालय के बारहवीं कक्षा के छात्र देवराज अहिरवार का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया वालीबॉल अंडर 17 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 4 नवंबर 23 तक श्रीनगर जम्मू कश्मीर में आयोजित होगी। विद्यालय के प्राचार्य अजय राज सिंह एवं उप प्राचार्य एफयू खान ने विद्यार्थी देवराज के साथ-साथ व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार एवं व्यायाम शिक्षिका डॉक्टर निशा नंदा को बधाई दी एवं इस सफलता के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

मानस लीग चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण आज पत्रकार भवन में

इटारसी, देशबन्धु। मानस लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो श्री रामचरितमानस के आधार पर दी जाती है। ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय नर्मदापुरम के द्वारा यह प्रतियोगिता जिले में प्रति वर्ष आयोजित की जाती है। इस वर्ष अधिक प्रतियोगियों के भाग लेने के कारण प्रतियोगिता के साक्षात्कार नर्मदा पुरम के अलावा इटारसी में भी हुए एवं पुरस्कार वितरण भी दोनों स्थानों पर रविवार को होगा। श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में रविवार को प्रात: 11 बजे चुनाव आचार संहिता के तहत स्वीकृति मिलने के उपरांत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पं. मधुकर शास्त्री, प्रोफेसर ज्ञानेंद्र पांडे एवं पं. मनमोहन शास्त्री अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार दो प्रतियोगियों को दिया जा रहा है, जिन्हें पांच-पांच हजार रुपये की राशि प्रमाण पत्र एवं रामचरितमानस पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार दो प्रतियोगियों को पृथक-पृथक 2500- 2500 रुपए के दिए जाएंगे। तृतीय स्तर के 6 पुरस्कार पृथक प्रक्रिया से दिए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार में एक हजार रुपये की राशि प्रमाण पत्र एवं रामचरितमानस दी जाएगी।

2 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा फरारी/ ईनामी/स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम व एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में शनिवार को थाना प्रभारी देहात को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की थाना देहात का 2 हजार का ईनामी स्थायी वारंटी सुन्नू अहिरवार पिता कुटूआ अहिरवार निवासी कुमरयाना मोहल्ला ग्राम मवई थाना देहात का मवई स्कूल के पास बैठा है जो कहीं बाहर भागने की फिराक में है। जिसको घेराबंदी कर पकड़ा जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. मनीष कुमार, प्रआर. शकील खान, तरबेज अली, आर. मनोज, म.आर. सपना यादव की सराहनीय भूमिका रही हैं।

छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले में आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान हेतु एवं लोगों को मतदान का महत्व बताने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मतदान की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में आज स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र में हर वोट कीमती है, आगामी 17 नवम्बर को होने जा रहे चुनाव में मतदान अवष्य करें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मतदान करने को रहें तैयार, यह हम सबका अधिकार के नारे भी लगाए। साथ ही मतदाताओं को बताया गया कि ,जो भी व्यक्ति मतदान करता है उसे खुद ही निर्णय लेना चाहिए किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए, हमारा भारत देश एक लोकतंत्रात्मक देश है, जहां हर व्यस्क नागरिक को अपने वोट का इस्तेमाल करने का अधिकार प्राप्त है।

विधानसभा चुनाव में पुलिस हुई सख्त, भरवाया बॉन्डओवर, पालन न करने पर होगी जेल

पलेरा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। आगामी 17 नवंबर को मध्य प्रदेश में वोटिंग होगी, तो वही 3 दिसंबर को परिणाम आएंगे। निर्वाचन आयोग ने 9 अक्टूबर को प्रदेश में आदर्श आचार संहिता भी लागू कर दी है। आचार संहिता लगते ही पुलिस- प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पलेरा थाना पुलिस ने कैंप लगाते हुए लोगों को बॉन्ड ओवर किया है। वहीं पुलिस उन लोगों पर भी नजर रखेगी कि कोई राजनीतिक झंडा, बैनर का उपयोग तो नहीं कर रहा है। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए लगातार थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार अपने दलबल के साथ रोजाना नगर में पैदल मार्च भी निकाल रहे हैं। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस के पास ऐसे उपद्रवियों का डाटा होता है, जिनसे शांति भंग होने या किसी भी तरह की अराजकता फैलने का खतरा हो सकता है। इन्हें नियंत्रित करने के लिए बाउंड ओवर जैसी कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में पुलिस के द्वारा लगातार लोगों को बाउंड ओवर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाउंड ओवर का मतलब भारतीय दंड संहिता की धारा (122) अंतर्गत अर्थ है कि इसके तहत ऐसे लोग जो शांति भंग कर सकते हैं, उनसे लिखित में सहमति मांगी जाती है कि वे जानबूझकर शांति भंग या ऐसा कोई कृत्य नहीं करेंगे। और यदि वे ऐसा करते पाए जाते हैं तो उन्हें सजा दी जा सकती है। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के चलते अपराधिक मामलों और बढ़ते क्राइम को रोकने के लिए गुंडे-बदमाशों के ऊपर पुलिस की पैनी नजर है। इसके साथ ही लगातार सड़क छाप गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया की निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पुलिस के द्वारा रोजाना चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। नगर क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर भी पुलिस लगातार अपनी कार्यवाही करने में जुटी हुई है। नगर एवं क्षेत्र में संचालित ढाबे पर पुलिस की नजर बनी हुई है। कुल मिलाकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद नगर एवं क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवं त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश पुलिस ने दी है।

त्योहार में तैयार रहिये चौपट यातायात व्यवस्था से जूझने

पूरी सड़क को घेरकर बन रहे पंडाल, यातायात पुलिस की कोई तैयारी नहीं

दमोह देशबन्धु। जिले की पुलिस व्यवस्था चरमरा चुकी है, और लोग कानून का पालन ना करने से डर नहीं रहे हैं। पुलिस कर्मी चौराहों पर कहीं और कभी दिखाई नहीं देते जिससे अपराधियों को रोकने वाला कोई नहीं होता और अपराधियों के हौसले बुलंद तथा आम लोगों के हौसले पस्त हो रहे हैं। एक ओर जिले में जुएं, सट्टे और अवैध शराब और नशे के विक्रय की खबरें मीडिया में आती रहती हैं दूसरी ओर जिले में पुलिस प्रशासन से चाकूबाजी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चाकूबाजी की घटनाएं रोकने निर्देश दिये गये परन्तु उनके निर्देश का पालन भी खानापूर्ति बनकर रह गया है।

अब ऐंसा ही रवैया यातायात पुलिस का भी दिखने लगा है। आगामी त्योहारों की तैयारी शुरू हो चुकी है इस कारण बाजार में भीड बढने लगी है वहीं दुर्गा उत्सव के दौरान होने वाली मां की स्थापना हेतु पंडाल बनने लगे हैं लेकिन यातायात पुलिस का इस ओर कहीं कोई दखल दिखाई नहीं दे रहा है और कुछ पंडाल पूरी रोड को घेरकर बनाये जा रहे हैं जबकि उन्हें नियंत्रित करने की प्रशासन द्वारा कोई जहमत नहीं उठाई गयी है जिनसे आगामी त्योहार में जाम की दिनभर स्थिति निर्मित होती रहने की पूरी संभावना है जिसमें हो सकता है आवश्यक सेवा देने

वाली एम्बुलेंस और फायर फाइटर गाडियां भी फस जायें।

यातायात पुलिस की लापरवाह कार्यप्रणाली के हाल ये हैं कि अभी तक आज से नवरात्र शुरू हो रही है लेकिन शहर में भारी वाहन या बसों के रूट तय करने की कोई सूचना मीडिया में नहीं आयी है जिससे शहर के अंदर तंग रास्तों में वेतरतीव जहां तहां खडी होने वाली बसें खराब यातायात में इजाफा ही करने वाली हैं। संवाददाता द्वारा जब यातायात इंचार्ज अधिकारी का इस विषय में ध्यान दिलाया गया तो उनका कहना था कि जाम कहां लग रहे हैं दिखवा लेते हैं। उन्हें शहर में जाम कहां लग रहा है यह पता ही नहीं है और हालात क्या निर्मित हो रहे हैं आभास ही नहीं है और वे पूर्णत: वेखवर हैं।

बस स्टेण्ड से हटा रोड जाने के लिए छोटे, मंझोले चार पहिया वाहन और दोपहिया वाहनों को घंटाघर से पलंदी चौराहे की ओर से, स्टेशन चौराहे राय तिराहे से पलंदी चौराहे, घंटाघर महाकाली तिराहा से फुटेरा तालाब होते हुए या तीन गुल्ली चौराहे से मलैया मिल होते हुए हटा नाका पहुचना कठिन डगर होने वाली है और एक सुलभ रास्ता नये सरदार पटैल ओवर ब्रिज से इमलाई वाईपास होते हुए लंवा चक्कर लगाना मजवूरी होने जा रही है।

इसी तरह कुछ देवी स्थापना हेतु पंडाल पूरी सडक को घेर रहे हैं जबकि आम सडक को इस तरह छेकना कानूनन गलत है। उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। उन्हें किस अधिकारी द्वारा इसकी अनुमति दी गयी है यह जानकारी फिलहाल सामने नहीं आयी है और यदि पंडाल विना अनुमति के पूरी रोड घेरकर लग रहे हैं तो जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उन्हें रोका क्यों नहीं जा रहा है?

इनका कहना है

शांति समिति और थाने में हुई बैठक के दौरान पंडाल वालों से कहा गया था कि पूरी रोड ब्लाक ना करें क्योंकि इससे आवश्यक सेवा प्रभावित होती है। जिन भी पंडालों ने इसका पालन नहीं किया है उनपर कार्रवाई हेतु पुलिस से कहा जायेगा। यह गलत है।

- आर. एल. वागरी, एसडीएम दमोह।

राजनैतिक आचार संहिता का सख्ती से पालन करें

दमोह देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत घोषणा उपरांत दमोह जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54-पथरिया, 55- दमोह, 56-जबेरा एवं 57- हटा में 17 नवम्बर 2023 को मतदान एवं 03 दिसम्बर 203 को मतगणना संपन्न होगी। निर्वाचन की घोषणा हो जाने के फलस्वरूप दमोह जिले में भी 09 अक्टूबर से आचार संहिता प्रभावशील है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुये विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिये जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने, चुनाव प्रचार करने एवं मतदान तिथि को वाहनों के दुरूपयोग रोकने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत आदेश जारी किया है, उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दण्डनीय होगा। जारी आदेश में कहा गया है नामांकन हेतु किसी भी राजनैतिक दल, अभ्यर्थियों द्वारा निकाली गई यात्राएं, जुलूस में दो से अधिक वाहनों को काफिले के रूप में नहीं निकाला जायेगा, नामांकन भरने के समय रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय की 100 मीटर सीमा क्षेत्र में केवल दो वाहन ही प्रवेश कर सकेंगे एवं रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में नामांकन जमा करने के लिये प्रत्याशी के रूप में अधिकतम 02 व्यक्ति ही जा सकेंगे। वाहनों के उपयोग से पूर्व उसकी लिखित अनुमति रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग आफिसर या इस हेतु अधिकृत अधिकारी से प्राप्त करना आवश्यक होगी। जिन वाहनों को उक्तानुसार अनुमति प्रदाय की जायेगी उन वाहनों के अगले शीशे पर प्रदाय की गई अनुमति आदेश की मूल प्रति (फोटो कापी नहीं) चस्पा करना होगी। अनुमति प्राप्त वाहन से ही प्रचार-प्रसार किया जा सकेगा, अन्य वाहन से प्रचार-प्रसार करना दंडनीय होगा। वाहनों की अनुमति नामांकन भरने की तिथि से मतदान तिथि (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व) तक ही लागू रहेगी।

जुलूस के दौरान वाहनों पर संबंधित पार्टी के अभ्यर्थी एवं पोस्टर, प्लेकार्ड, बेनर, झंडा लगा सकेंगे। मतदान दिवस हेतु आवंटित वाहनों पर किसी प्रकार पोस्टर, प्लेकार्ड, बेनर, झंडा नहीं लगा सकेंगे। वाहनों पर आने वाले व्यय का लेखा-जोखा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये आय-व्यय रजिस्टर में रखना आवश्यक होगा जिसका अवलोकन आयोग के प्रेक्षकों को भी उनके निर्देशानुसार समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

दमोह देशबन्धु। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी दमोह रवींद्र खरे ने बताया आबकारी दमोह प्रभारी मधुसुधन दीवान द्वारा पथरिया थाना अंतर्गत पथरिया नगर के वार्ड नंबर 14 में और दमोह रोड स्थित एक होटल में अवैध मदिरा संग्रहण एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में कुल 3 प्रकरण दर्ज कर 13 पाव व्हिस्की, 10 पाव रम, 02 बॉटल बीयर, 07 लीटर हाँथ भट्टी मदिरा एवं 600 किलो ग्राम महुआ लहन जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध विधिवत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कुलदीप कटारे, तपिश हलवी और महिला आरक्षक गीतांजली गुप्ता शामिल रहे।

स्वीप गतिविधियों का आयोजन करेगा बूथ अवेयरनेस ग्रुप

दमोह देशबनधु। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी मुख्य कार्यकाल अधिकारी जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एवं मत के महत्व से परिचित कराने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ अवेयरनेस समूह का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य मतदान केंद्र स्तर पर विभिन्न गतिविधियों को संपादित करते हुए लोगों के बीच में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को सौंपे गए दायित्वों के संबंध में शासकीय महाविद्यालय हटा में एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी रीता डहेरिया व सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिवराम चढ़ार की उपस्थिति में तहसील हटा के 145 मतदान केंद्रों के समूह सदस्यों, बी.एल.ओ. ग्राम की शाला के प्रधान अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं कोटवार का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर ए.के. सिंह माधव पटेल दिनेश प्यासी, विजय आदर्श, आर.एस. चौरसिया ने स्वीप गतिविधियों की आवश्यकता एवं उनके क्रियान्वयन के तरीकों, जिससे कि ग्राम में उपस्थित सभी मतदाता मतदान की प्रक्रिया में सहभागिता करें एवं कोई भी व्यक्ति मतदान करने से रह ना जाए, सभी लोगों को मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर विस्तार पूर्वक समूह के सदस्यों को मतदान केंद्र स्तर पर गतिविधियों का आयोजन करते हुए उनसे संबंधित फोटोग्राफ्स एवं प्रतिवेदन निर्धारित समूह में भेजने हेतु प्रशिक्षित किया।

राज्य स्तरीय एन क्यू ए एस टीम का जिला चिकित्सलय में दो दिवसीय दौरा संपन्न

दमोह देशबन्धु। जिला अस्पताल की बेहतर काम करने वाली नर्सिंग ऑफिसर्स कु.दुर्गेश नन्दिनी एवं मंजू मर्सकोले को माह सितंबर एवं माह अक्टूबर के एम्प्लोयी ऑफ द मंथ घोषित किया। जिला अस्पताल ने पिछले वर्ष एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफिकेशन हासिल किया था, जिसमे 90 प्रतिशत स्कोर हासिल करके जिला अस्पताल दमोह प्रदेश स्तर पर यह प्रमाणीकरण हासिल करके म प्र का छटवा जिला अस्पताल बन गया था। टीम ने बढ़ती भीड़ के नियंत्रण हेतु किये गए उपायों बैरिकेटिंग एवं 3 जगह संचलित पंजीयन काउंटर की व्यवस्था को भी सराहा। अस्पताल में मरीजों के परिजनों हेतु नगरपालिका द्वारा संचालित रैनबसेरा एवं सुलभ शौचालय को आधुनिक तरीके से सुसज्जित करने हेतु नगरपालिका से पत्राचार करने एवं जिला कलेक्टर के समन्वय से उसके उन्नयन हेतु भी सिविल सर्जन को सुझाव दिया। लेबर रूम से फायर एग्जिट एक नया दरवाजा बनाकर करने का सुझाव दिया। अस्पताल परिसर के बाहरी हिस्से पर कम से कम 2 जगह महिला टॉयलेट बनाने का सुझाव भी दिया। अस्पताल परिसर में एक आवारा जानवर देख कर टीम ने सिक्योरिटी एजेंसी पर नाराजगी भी व्यक्त की। टीम ने रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक रखने एवं उन बैठकों में आय बढ़ाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। अस्पताल के कायाकल्प गतिविधियों की एवं नर्सिंग ऑफिसर्स की कर्मठता की तारीफ भी की। टीम ने अस्पताल परिसर की सड़क पर गड्ढों के भराव, सूखे एवं गीले कचरे के निस्तारण हेतु जनजागरण गतिविधियां आयोजित करने हेतु सुझाव दिया।

कैट का संभागीय व्यापरिक सम्मेलन 1 दिसम्बर को

दमोह देशबन्धु । कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सागर संभाग के व्यापारियों का संभागीय सम्मेलन 1 दिसम्बर 2023 शुक्रवार को सागर में आयोजित किया गया है। गत दिवस जूम मीटिंग आयोजित की गई जिसमें प्रदेश महामत्री कपिल मलैया, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन माल्थोन, जिला महामंत्री अनिमेष शाह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ जैन, सुरेश प्रसाद होलानी सहित प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सैन्ट्रल जोन चैयरमैन मुकेश अग्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री गोविन्द दास असाटी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर पन्ना के जिला अध्यक्ष अनूप मोदी, दमोह के जिला अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, टीकमगढ के जिला अध्यक्ष के. के. अग्रवाल, छतरपुर के जिला महामंत्री मुकेश चौबे, सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील घुवारा, प्रमोद बजाज, जुगल अग्रवाल, प्रदेश यूथविंग प्रभारी आकाश जैन, कैट की सह-संयोजक साधना शाडिल्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया, उज्जैन के जिला अध्यक्ष अवतंश मोदी, शिवपुरी के जिला अध्यक्ष गंगाधर गोयल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। व्यापारियों ने ग्वालियर में आयोजित प्रान्तीय अधिवेशन के संबंध में चर्चा की, जिले सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ, निवाडी के लिये जिला प्रभारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया और सभी जिलों में यूथविग, महिलाविग बनाने का तय किया। जूम मीटिग में जुगल अग्रवाल ने प्रदेश स्तर पर प्रोफेसनल टैक्स समाप्त करने की बात की। वहीं अन्य पदाधिकारयों ने अपने सुझाव दिये। कैट द्वारा शीघ्र ही वाट्सअप पर व्यापार का कार्यक्रम सागर संभाग के छ:ओं जिलों में आयेजित होगा। जिसमें व्यापारियों को वाट्सअप के माध्यम से कैसे व्यापार किया जाय इससे अवगत कराया जायेगा।

कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम प्रशिक्षण आयोजित

दमोह/पथरिया देशबन्धु । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया मे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोगी खोज अभियान के तहत एक दिवसीय सीएचओं व आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया कुष्ठ रोगी खोज अभियान 16 अक्टूबर से 4 नवंबर तक घर-घर खोजी दलों द्वारा समाज में हुए छुपे हुए रोगियों की खोज की जानी है सीबीएमओं डॉ.ई.मिंज के निर्देशन में प्रशिक्षण संस्था के बीपीएम लखन गोयल,बीसीएम रत्नेश दुबे, एन.एम.ए संजय दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

विधिक जागरूकता शिविर एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ सम्पन्न

दमोह देशबन्धु। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत स्थानीय शा.सरदार बल्लभ भाई पटैल उ.मा.विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य सुलक्षणा हजारी, साईबर सेल से उपनिरीक्षक अमित मिश्रा एवं प्रधान आरक्षक अजीत दुबे एवं छात्रायें उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुये संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि सभी अपने अधिकारों को याद रखते है जबकि संविधान के द्वारा हर नागरिक के मूल कर्तव्य भी बतायें गये है जिनका पालन आवश्यक रूप हमें करना चाहिए, क्योंकि अधिकार एवं कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू है। साथ ही उन्होंने नि:शुक्ल विधिक सहायता योजना, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों को विधिक सहायता योजना, पीडित प्रतिकर योजना, ऐसिड अटैक से पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना एवं पॉक्सो अधिनियम अंतर्गत बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के संबंध में किये गये प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

साईबर सेल से अमित मिश्रा एवं सौरभ टंडन द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं को साईबर क्राईम के संबंध में जानकारी देते हुये ऑनलाईन हैकिंग, ठगी, सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा गूगल से कस्टोमर केयर का नंबर सर्च न करने की सलाह एवं अपना ओटीपी शेयर न किये जाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ आवाज बुलंद करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सुलक्षणा हजारी के द्वारा व्यक्त किया गया।

आदतन अपराधी 1 साल के लिए जिलाबदर

रायसेन,देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी रघुनाथ सिंह राजपूत पिता भगवान सिंह राजपूत निवासी ग्राम तिजालपुर थाना गैरतगंज जिला रायसेन को एक साल के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित/ जिलाबदर किया गया है। आरोपी वर्ष 1985 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 21 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रघुनाथ सिंह राजपूत को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

शारदीय नवरात्रि में महामाई मंदिर दरबार में होगा चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ

सिरोंज, देशबन्धु। *प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी नगर की आराध्या देवी जगत जननी श्री महामाई माता मंदिर (डांगवाली) के जागृत दरबार में शारदीय नवरात्रि उत्सव परंपरानुसार श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जावेगा। इस अवसर पर महामाई सेवा समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय श्री चामुंडा दुर्गा महायज्ञ में भी आज से प्रतिदिन दोपहर में आहुतियाँ प्रदान की जावेंगी।*

नगर के प्राचीन मंदिर महामाई माता मंदिर डांगवाली ग्राम वीरपुर में 13 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक दस दिवसीय शारदीय नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित उत्सव में शुक्रवार को दुर्गा आव्हान के पश्चात आज रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिन श्री देवी पूजन, कलष पूजन व अग्नि स्थापना की जावेगी साथ ही दोपहर में मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा के आचार्यत्व में श्री चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ का प्रारंभ होगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को श्री देवी पूजन के साथ महायज्ञ का समापन एवं पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा।

विशेष आरती प्रतिदिन रात्रि 8 बजे

श्री महामाई माता मंदिर पर मातारानी की विषेष आरती प्रतिदिन रात्रि 8 बजे होगी। महामाई सेवा समिति ने प्रतिदिन होने वाली विषेषी आरती एवं चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ में नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

सज गया माता का दरबार

इससे पूर्व समिति द्वारा विगत कई दिनों से शारदीय नवरात्रि उत्सव मनाने हेतु व्यापक तैयारियाँ की जा रही है। महामाई माता का विषेष श्रृंगार करने के साथ ही मंदिर परिसर में भी आकर्षक रंगीन पताकाओं की सजावट के साथ साथ विधुत साज-सज्जा की गई है। रात्रि में महामाई दरबार का दृष्य बहुत ही आकर्षक एवं मनोरम दिखाई देता है।

लंबे समय से फरार 5 वारंटी गिरफ्तार

मुलताई, देशबन्धु। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 5 वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । पकड़े गए कुछ कुल पांच वारंटी जिनमें दो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंटए एक स्थाई वारंट व गिरफ्तारी वारंटए एक स्थाई वारंट और एक के खिलाफ सजा वारंटए गिरफ्तारी वारंट और एक जमानती वारंट जारी था। पुलिस ने उन सभी को पकड़ कर कार्यवाही की है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की नवनीत पिता नान्हु लाल निवासी मुलताईए चंदू पिता राम चरण निवासी मुलताई के खिलाफविगत कई दिनों से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया थाए जो की फरार चल रहे थे। हेमंत पिता मारुति राव अतुलकर गायत्री नगर मुलताई के खिलाफगिरफ्तारी और स्थाई वारंट जारी थाए वहीं सचिन पिता मुन्नालाल उईके उम्र 30 वर्ष निवासी खरसाली के खिलाफस्थाई वारंट जारी किया गया था। वही सुभाष वार्ड निवासी एक अन्य आरोपी के खिलाफएक सजा वारंटए दो गिरफ्तारी वारंट और एक जमानती वारंट जारी था। सभी वारंटीयो को पकड़ने में मुलताई पुलिस ने सफलता हासिल की है।

आज मनेगा महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

मुरैना, देशबन्धु। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती के अवसर अग्रवाल महासभा के तत्वाधान में अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा बालक बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं बालमेले का आयोजन अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग के निर्देशन में किया जा रहा है। अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को ढूंढकर निकाल सकते हैं जो कि भविष्य में अग्रवाल समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। शनिवार को हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका बंसल ने प्राप्त किया। उसके बाद समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष राकेश गर्ग के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल

महासभा के अध्यक्ष कमलेश बंसल ने की। इस मौके पर श्री गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि रमेश गर्ग हमारे समाज के ही संरक्षक नही है, बल्कि हम सभी के दिलों के संरक्षक हैं वहीं उन्होंने कहा कि उनके बिना कार्यक्रम ऐसे लग रहे हैं जैसे बिना दूल्हे की बारात हो। वहीं कमलेश बंसल ने अपने उद्बोधन में होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं समाज बंधुओं से अग्रसेन जी के जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाने के साथ सपरिवार अग्रसेन उद्यान में पधारने का निवेदन किया। समाचार प्राप्त होने तक और भी प्रतियोगिताएं होनी बांकी थी। अग्रसेन सांस्कृतिक सप्ताह के संयोजक मोहन बंसल ने बताया कि इसी प्रकार कई आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाऐगा। अग्रवाल महासभा सभी अग्रबंधुओं से अपील करती है कि होने वाले सभी कार्यक्रमों एवं महाराजा अग्रसेन जी के प्रभात फेरी एवं पूजा अर्चना में अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष कमलेश बंसल एवं सांस्कृतिक सप्ताह के संयोजक मोहन बंसल, अनूप गर्ग सुधीर गोयल, अंकुर पंकज गर्ग, रवि गर्ग, श्रीमती शशि अग्रवाल, कामिनी मित्तल, माधुरी मित्तल उमा अग्रवाल, शिखा मित्तल, रोहित मित्तल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की संभाग में चुनाव तैयारियों की समीक्षा

- संभाग के 6 जिलों में सात हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर, साठ लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान।
- निर्वाचन प्रक्रिया में ई-चालान का उपयोग कराएं।
- मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट का अधिक से अधिक प्रशिक्षण दें।
- सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन कराये।
- सुरक्षा के दो प्लान तैयार करें।
- डाक मतदान के पात्र मतदाताओं को समय सीमा में आवश्यक जानकारी दे।
- निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान के लिए आवश्यक तैयारी करे।

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मप्र अनुपम राजन द्वारा संभाग की समीक्षा बैठक निवाड़ी जिले के ओरछा में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में निर्देशित किया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया में ई चालान का उपयोग कराएं, सुरक्षा की दृष्टि से दो प्लान तैयार करें, मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट का अधिक से अधिक प्रशिक्षण दे, साथ ही सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन कराएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दो प्लान तैयार करें। डाक मतदान वाले पात्र व्यक्तियों को डाक मतदान करने की जानकारी समय सीमा में प्रदान करें। मतदाता सूची में डुप्लीकेशन न हो। उल्लेखनीय है कि सागर संभाग के 6 जिलों में सात हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर साठ लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि मृत लोगों के नाम सूची में न रहें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हों उनके ईपिक कार्ड वितरित किए जाएं। सभी रिटर्निंग आफिसर अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लें और मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों में 1500 से अधिक मतदाता हैं ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में विभक्त किया जाए और नया मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में बनाया जाए। मतदान केंद्र पर मतदान कराने के लिए आने वाले मतदान दल और सुरक्षाकर्मियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाये, जिससे उनका मतदान कराने में अच्छा अनुभव रहे। अनुपम राजन ने सागर जिले की चांदी एवं राशि पकड़ने की कार्यवाही की सराहना की एवं कहा कि सभी जिले इस तरह की कार्यवाही करे। इसी प्रकार सागर के स्वीप प्लान के तहत की जा रही गतिविधियों की भी सराहना की। स्वीप की गतिविधियों का एक वीडियो कलेक्टर दीपक आर्य के माध्यम से देखा। श्री राजन ने निर्देश दिए कि तत्काल अंतर्राज्जीय एवं अंतर जिला बार्डर पर नाका प्रारंभ करें जिससे कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मचारियों, 80 वर्ष से अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों एवं कोविड से अत्यधिक पीड़ित रहे व्यक्तियों के लिए बैलेट की तैयारी अच्छी तरह से की जाये। बीएलओ को भी पता होना चाहिए कि किन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाना है। चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाये। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक पोस्ट या रि.पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का काम न कर सके। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक और जिला बदर की कार्यवाही करे। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए जिले में और राज्य की सीमाओं में नाके लगाकर वाहनों की सख्ती से जांच की जाये। मदिरा के अवैध निर्माण और परिवहन पर सख्त कार्यवाही करे। फ्लाइंग स्कॉड और एसएसटी द्वारा मुस्तैदी से काम करे। चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए बनाए गये सी.विजिल मोबाइल एप का व्यापक प्रचार करे। वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गए। श्री राजन ने कहा कि बुंदेलखंड संवेदनशील क्षेत्र है, एनसीसी का आदर्श आचार संहिता का पालन पूरी निष्पक्षता ईमानदारी के साथ करें। मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी अनुमतियों का परीक्षण करके ही अनुमति प्रदान करें।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा श्री अनुराग ने कहा कि सुरक्षा एवं फोर्स के लिए दो प्लान तैयार करें, जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके, वाहनों की व्यवस्था भी अतिरिक्त रूप से रखी जावे स्थाई वारंटियों, माफिया एवं आदतन अपराधियों की सूची तैयार करें। संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आबकारी विभाग, पुलिस एवं राजस्व विभाग के समन्वय से अधिक से अधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं वेयर हाउस का समय-समय पर निरीक्षण करें। संभाग में 26 विधान सभाओ में सात हजार 63 मतदान केंद्रों पर कुल मतदाता साठ लाख 44 हजार 956 में से पुरुष मतदाता 31 लाख 79 हजार 130, महिला मतदाता 28 लाख 65 हजार 774 एवं अन्य मतदाता 65 अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। बैठक में शामिल सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने जिले में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई।

निः शुल्क शतरंज प्रशिक्षण आज

सागर, देशबन्धु। रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण आज सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 निःशुल्क शतरंज खेल खेला जाएगा और प्रशिक्षण बालकृष्ण जैसवाल सेवानिवृत्त प्रिंसिपल डिग्री कॉलेज सागर के मुख्य आतिथ्य में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्प बड़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षों में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

बीएमसी में भर्ती कैंसर से ग्रसित मरीज ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

वार्ड नंबर 22 के पास सीढ़ियों की रैलिंग से लटकता मिला शव

सागर, देशबन्धु। बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में शनिवार को अस्पताल के 22 नंबर वार्ड में मरीज द्वारा वार्ड 22 के निकट बनी सीढ़ियों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी अनुसार अस्पताल के वार्ड नंबर 22 के पलंग नंबर 28 पर मरीज हज्जू पिता मलखान पटेल उम्र 37 वर्ष बंडा केंसर बीमारी से पिछले डेढ़ दो साल से ग्रसित थे। जिनको मुंह का एडवान्स स्टेज का केन्सर था। जिनका भोपाल में भी इलाज चला एवं भोपाल के अस्पताल में ऑपरेशन भी हुआ था। मरीज की स्थिति एडवान्स स्टेज का केन्सर होने के कारण गंभीर थी। उक्त मरीज बीएमसी में पिछले 3-4 महीनें में कई बार आकर भर्ती रहकर इलाज कराता रहा है। भर्ती रहने के दौरान अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक केंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा उचित देखरेख जांच व इलाज प्रदान किया तथा किये गये उपचार से मरीज व मरीज के परिजन पूर्ण रूप से संतुष्ट थे। वर्तमान में 11 अक्टूबर को अस्पताल के वार्ड 22 के पलंग नंबर 28 पर में भर्ती हुआ। जानकारी अनुसार शनिवार को प्रातः 05.30 बजे से 6 बजे के बीच वार्ड 22 के पास बनी सीढ़ियो के उपर वाले हिस्से पर पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना प्राप्त होने पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा आत्महत्या स्थल पर पहुंचकर उक्त घटना के संबंध में बीएमसी चौकी, थाना गोपालगंज को सूचित किया गया। पुलिस द्वारा मृतक को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये बीएमसी मरच्युरी में पहुंचा दिया। जिसका प्रातः 10 बजे से 11 बजे के आसपास परिजन व पुलिस की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कर मृत शरीर को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

सड़क दुर्घटना में आर्मी जवान एवं पत्नी की मौत

सागर, देशबन्धु। देवरी-रहली थाने की सीमा पर तेज रफ्तार डंपर ने बलेनो कार में टक्कर मार दी जिसमें पति-पत्नी की मौत हो गई जानकारी के अनुसार उमेश कुशवाहा उम्र 26 वर्ष से रोशनी कुशवाहा उम्र 22 वर्ष पत्नी को लेने ससुराल रहली थाना जिला सागर के ग्राम पटना से अपने घर ठेमी जिला नरसिंहपुर जा रहे थे। रास्ते में रहली मार्ग पर ग्राम परसिया के पास तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी जिसमें रोशनी कुशवाहा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कार में फसे उमेश कुशवाहा को बड़ी मशक्कत के साथ निकाल गया। उन्हें गंभीर अवस्था में हंड्रेड डायल द्वारा देवरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर उपचार की दौरान जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां रास्ते में ही उमेश की मौत हो गई उमेश अजमेर में आर्मी में पोस्टिंग है।

पंचवालयति मंदिर के पंच कल्याणक हेतु पात्र चयन 19 को

सागर, देशबन्धु। पंचवालयति दिगंबर जैन मंदिर के पंचकल्याणक महोत्सव हेतु पात्रों का चयन 19 अक्टूबर को होने जा रहा है। मुनिश्री अजित सागर एवं मुनिश्री निर्दोष सागर के ससंघ सानिध्य में आगामी 27 नवम्बर से 2 दिसंबर तक आयोजित पंचकल्याणक जिनविंब प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य संजय भैया मुरैना होगें। महोत्सव की तैयारियों को लेकर समितियों का गठन कर दिया गया है, साथ ही महोत्सव की रूपरेखा हेतु मनोनीत पदाधिकारी एवं संयोजकों की बैठक भी रखी गई। आगामी 19 अक्टूबर को जिनालय में सुबह अभिषेक पूजन के उपरांत सुबह 8 बजे से मुनि संघ के सानिध्य में पात्रों का चयन किया जावेगा। पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन मंदिर के समीप ही किया जा रहा है।

नवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सिंह एसोसियेट्स की अनुपम प्रस्तुति
सागर वैली
राजघाट रोड - 9425469141
इंजी. एस.आर.सिंह
प्राइम लोकेशन में
प्लाट, मकान एवं फार्म हाउस उपलब्ध
नोट : समस्त शासकीय अनुमतियाँ चौड़ी कांक्रीट सड़के, विद्युत व्यवस्था हरे-भरे पार्क फाइनेंस सुविधा सीसीटीवी कैमरे
सर्वोदय नगर
डायवर्सन सहित पूर्ण विकसित कॉलोनी
खुरई रोड, बीना - 8357044343
1 BHK, 2 BHK
मकान एवं प्लॉट उपलब्ध
विशेषताएं : चौड़ी सड़क, हरे-भरे पार्क बिजली व्यवस्था कम्पलीट
जैन मंदिर एवं हिंदू मंदिर हेतु प्लाट आरक्षित
पूर्ण जानकारी हेतु सर्वोदय नगर टाउनशिप की विजिट अवश्य करें
संपर्क करें : 9425469141, 9301622342
singh.associates1966@gmail.com

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं शारदीय नवरात्र प्रारंभ पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अजहरुद्दीन काजी (अन्नू)
(ठेकेदार)
समाजसेवी मस्जिद वार्ड, बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं शारदीय नवरात्र प्रारंभ पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव रिछारिया
'A' क्लास कॉन्ट्रेक्टर म.प्र. वि. मं., बीना

श्रीमति ज्योति दुबे
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा महिला मोर्चा भोपाल
9713445286
माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं शारदीय नवरात्र प्रारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
वैभव दुबे
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा युवा मोर्चा
9424450401

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं शारदीय नवरात्र प्रारंभ पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रिंस बूट हाउस
स्थान : बड़ी बजरिया, बीना
मो. समद खान M. 9425191514
(उपाध्यक्ष) वक्फ जामा मस्जिद कमेटी बड़ी बजरिया बीना
अध्यक्ष - शूज एसोसिएशन व्यापारी संघ, बीना
केम्पस, लखानी, कोलम्बस रिबोक, एडिडास, नाईकी स्पोर्ट्स शू, वूडलैंड, रेड चीफ, ऐरी सेफ्टी शू, जेन्ट्स फैंसी, सैन्डिल शू एवं चप्पल के विश्वसनीय विक्रेता

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डालचंद पटेल
समाजसेवी / संचालक कॉमर्स कोचिंग
क्लासेस प्रताप वार्ड, बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा का हार्दिक अभिनंदन करते है
श्री बालाजी टायर रिमोल्डिंग
12.4.28, 13.6.28, 14.9.28, 16.9.28
9.16, 1000.20 एवं समस्त प्रकार के टायरों की नरम एवं ठंडी रिमोल्डिंग उच्च क्वालिटी की रबर द्वारा गारंटी से की जाती है
रिमोल्ड टायर
उचित रेट पर गारंटी के साथ बेचे जाते हैं
प्रो. पंकज तामकार मो.: 9893310620
स्थान- पुराने महिन्द्रा वर्कशॉप के पास, आगासोद रोड, बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एन. के. पाण्डेय
(MBBS, MS)
07580-225056
24 घंटे आपातकालीन सुविधा
धन्वन्तरी हॉस्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेन्टर

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
तिरुमुरगन ट्यूबवैल
खुरई रोड, होटल साहनी, बीना
प्रो.-बृजेन्द्र सिंह राजपूत
खिरिया वार्ड, बीना
मो.- 9754139100, 9039844311

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा का हार्दिक अभिनंदन करते है
सिटी हॉस्पिटल
विशेषज्ञ हृदय, टी.बी. एवं फेंफड़ा एवं नाक, कान, गला रोग
डॉ. पी.डी. साहू MBBS.,DTCD
डॉ. श्रीमति जयश्री साहू MBBS.,MS (ENT)
सिटी हॉस्पिटल, खुरई रोड, पुष्पविहार कॉलोनी बीना
Mob. - 9575616461, 9893730842

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा का हार्दिक अभिनंदन करते है
होम्यो क्लीनिक एण्ड हेल्थ केयर सेन्टर
यहाँ आपके समस्त रोगों का उपचार होम्योपैथिक द्वारा सरलता से किया जाता है।
डॉ.कविन्द्र बिलगैया
B.H.M.S.
(मो.-9893036832)
समय : सुबह 10 से 2 बजे शाम 6 से 9 बजे
स्थान : आचवल पेट्रोल पम्प के पास, आचवल वार्ड, बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र यादव
एडवोकेट
हनीफ खान
(हन्नू) कबाड़ी
एम.एस. कॉम्पलेक्स, स्टेशन रोड बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा का हार्दिक अभिनंदन करते है
नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कमली राय (युवा भाजपा नेता)
राजीव राय (युवा भाजपा नेता)
सौजन्य - कमली राय मित्र मंडली बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इरफान खान
(बैटरी वाले)
समाजसेवी
आगासोद रोड, बीना

माँ जागेश्वरी शोभायात्रा एवं नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक दुबे
(मामू)
बीना जिला सागर म.प्र.

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली*
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।